दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 159 जयपुर, रविवार, 19 मई, 2024 I वैशाख, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### नीट पेपर मामले में चार पकड़े, 2 राजस्थान के



**नई दिल्ली।** जिला पुलिस ने नीट पेपर सॉल्वर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों के दो एमबीबीएस छात्रों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए अन्य दो आरोपियों में से एक मेडिकल स्कूल प्रवेश सलाहकार और दूसरा बिहार में एक कोचिंग अकादमी संचालक है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक कार जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जोधपुर राजस्थान के किशोरी लाल, पटना के प्रभात कुमार, जयपुर के सुमित मंडोलिया और प्रयागराज के कृष्ण केसरवानी के रूप में हुई है।

### अनंतनाग में राजस्थानी कपल पर फायरिंग... भर्ती



**जयपुर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और शोपियां में दो अलग-अलग फायरिंग की घटनाएं सामने आई हैं। शोपियां के हीरपोरा इलाके में आतंकियों ने बीजेपी नेता और पूर्व सरपंच एजाज अहमद पर फायरिंग की थी। उनकी दौराने इलाज मौत हो गई। वहीं अनंतनाग के पहलगाम इलाके में राजस्थान के एक कपल को गोली मारी गई है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पहलगाम में एक टूरिस्ट कैंप को निशाना बनाया था। यहां जयपुर के एक कपल फरहा और तबरेज को गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बड़ा हादसा:** हरियाणा के नूंह में भीषण हादसा... टूरिस्ट बस में आग लगी

# धू-धू कर जली बस में 10 लोग जिंदा जले, 24 गंभीर घायल

■ बनारस और वृंदावन के दर्शन करके लौट रहे थे

बेधड़क | जयपुर/नूंह

हरियाणा के नूंह जिले में शनिवार सुबह एक टूरिस्ट बस में आग लग गई। हादसे में 10 टूरिस्टों के जिंदा जलने की खबर है। वहीं, 25 से ज्यादा टूरिस्ट गंभीर रूप से झुलसे हैं और गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीमें और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बस धू-धू कर जलकर राख हो गई। वहीं, पैसेंजरों में चीख पुकार मचती रही। आस-पास के लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह टूरिस्टों को बस से निकाला।





### पंजाब-चंडीगढ़ के रहने वाले थे टूरिस्ट

टूरिस्ट बस में करीब 60 लोग सवार थे, जो पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसा कुंडली-मानेसर-पलवल (KMP) एक्सप्रेसवे पर देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। टूरिस्ट बनारस और वृंदावन के दर्शन करके लौट रहे थे। घायल श्रद्धालु सरोज पुंज और पूनम ने यह जानकारी दी। घायल टूरिस्टों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों साबिर, नसीम और उनके दोस्तों ने बताया कि बस पीछे से धू-धू कर जल रही थी और सवारियों में चीख पुकार मची थी।

### फायर ब्रिगेड के पहुंचने में देरी करने के आरोप

मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि ड्राइवर को आग लगने का पता ही नहीं चला। लोगों ने पीछा करके बस रुकवाई और आग बुझाने का प्रयास किया। बचाव अभियान चलाते हुए सवारियों को बस से निकाला। पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने पहुंचने में देरी कर दी। लोग बुरी तरह झुलस चुके थे। घायलों को तावडू सदर थाना पुलिस ने एंबुलेंस बुलाई। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया मौके पर पहुंचे। तावडू के SDM संजीव कुमार, तावडू सदर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और DSP भी हादसास्थल पर पहुंचे। शव बुरी तरह जले हुए हैं।

### कैसे हुई मृतकों की पहचान

मृतकों की पहचान उनकी चीजों से हुई। 3 मृतक एक ही परिवार के थे। मृतकों के नाम गौतम पुत्र राकेश कुमार, शशि, सुनीला, सुनीता, अमरावती, उषा, शारदा, सुनीता हैं। योगिता नाम की बच्ची भी भस्मीभूत हो गई। वहीं, ज्यादातर टूरिस्ट राकेश कुमार नामक शख्स के परिजन, दोस्त और रिश्तेदार थे। वह पिछले 20 साल से सभी को तीर्थ पर लेकर जाता था।

**गर्मी का अटैक:** हीटवेव की चपेट में प्रदेश के कई जिले, 8 का पारा 46 डिग्री के पार

# तपा गुलाबी नगर...

## नगर निगम ने कराया सड़कों पर जल छिड़काव


■ राजधानी में रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। शनिवार को हीटवेव के कारण पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में रहा। सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। वहां दिन का तापमान 46.9 डिग्री रहा। राजधानी जयपुर में शनिवार को भीषण गर्मी का ये हाल रहा कि नगर निगम प्रशासन ने सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया। दूसरी ओर, मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अभी गर्मी से राहत नही मिलने वाली। मौसम केन्द्र जयपुर ने 19 और 20 मई को 16 से ज्यादा जिलों हीटवेव का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रविवार को प्रदेश के 16 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सरहदी जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर और गंगानगर) समेत 8 शहरों में दिन का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। जयपुर में शनिवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शनिवार को बाड़मेर के अलावा पिलानी, जैसलमेर, फलोदी, श्रीगंगानगर, जालोर, फतेहपुर और करौली में भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

■ जयपुर में तापमान रहा $44.4^{0}$ CC

■ सर्वाधिक $46.9^{0}$ CC तापमान रहा बाड़मेर में



### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 43.8 | 29.8 |
| अलवर | 44.8 | 29.1 |
| जयपुर | 44.4 | 30.9 |
| पिलानी | 46.3 | 27 |
| सीकर | 43.5 | 25.5 |
| कोटा | 45.5 | 31 |
| चित्तौड़गढ़ | 43.6 | 27 |
| उदयपुर | 42.4 | 28.7 |
| बाड़मेर | 46.9 | 32.2 |
| जैसलमेर | 46.2 | 30.5 |
| जोधपुर | 45.8 | 31.4 |
| फलोदी | 46.4 | 34.6 |
| बीकानेर | 45.5 | 28.5 |
| चूरू | 45.5 | 28.4 |
| गंगानगर | 46.2 | 29.4 |
| धौलपुर | 45.9 | 30.9 |
| बारां | 45.6 | 28.9 |
| डूंगरपुर | 44.7 | 29.3 |
| हनुमानगढ़ | 45.3 | 25.8 |
| जालोर | 46.2 | 30.8 |
| सिरोही | 43.8 | 28.7 |
| करौली | 46.2 | 27.1 |
| फतेहपुर | 46.1 | 25.5 |

### तपती सड़कों को किया ठंडा

जयपुर में शनिवार को इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज हुआ। तेज गर्मी को देखते हुए नगर निगम ग्रेटर और नगर निगम हेरिटेज प्रशासन ने सड़कों पर फॉग गन मशीन से पानी का छिड़काव करवाया। ताकि शहर में गर्मी से आमजन के साथ जीव-जंतुओं को राहत मिल सके। इधर, शनिवार को दोपहर बाद उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर के एरिया में बादल छाए। हालांकि यहां बारिश होने की संभावना नही बनी। इन जिलों में बादल छाने के बाद दोपहर बाद धूप कम रही, लेकिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। जयपुर मौसम विभाग केंद्र की ताजा जानकारी के अनुसार आगामी हफ्ते भर प्रदेश के मौसम में किसी तरह के बदलाव की कोई आशंका नहीं है, बल्कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की आशंका जताई है साथ ही राज्य में हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है।

### गर्मी से जनजीवन प्रभावित

सुबह के बाद जैसे-जैसे सूर्यदेव आकाश में चढ़े उसके साथ ही पारा चढ़ने लगा और लोगों को बढ़ती गर्मी की तपिश सताने लगी। दोपहर में हीटवेव के चलते लोग बिना जरूरी काम के घरों से नहीं निकले। गर्मी के चलते मौसमी फलों जैसे तरबूज, खरबूजे के साथ गन्ने का रस, ठंडे पेय पदार्थ व आइसक्रीम की बिक्री भी बढ़ी है। -पेज 8 भी देखें

**ओडिशा में कांग्रेस पर बरसे सीएम,** मीडिया से बोले...

# राहुल को सोनिया ने इस बार 21वीं बार किया है लॉन्च

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के तहत भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार के लिए ओडिशा के दौरे पर गए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के साथ राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस बार सोनिया ने रायबरेली की जनता को सौंपकर राहुल गांधी को 21वीं बार लॉन्च किया है। सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और सोनिया गांधी ने इससे पहले राहुल गांधी को 20 बार लॉन्च कर दिया था। वो लोग जानते हैं कि उनकी क्या स्थिति है। इस बार 21वीं बार लॉन्च किया है, लेकिन जनता फिर रिजेक्ट करेगी।

इस परिवार ने गरीबी हटाओ के नाम पर हमेशा देश की जनता को गुमराह किया है। पहले इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह ने इसी नारे को हर बार हथियार बनाने की कोशिश की, लेकिन देश की जनता जानती है कि यह परिवारवाद की पार्टी है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।



### पूरे देश में राजस्थानियों की मजबूत पहचान

सीएम भजनलाल ने प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन में कहा कि राजस्थानी मूल रूप से मेहनत, ईमानदारी और लगन के लिए पहचाने जाते हैं। ओडिशा सहित पूरे देश में राजस्थानियों की मजबूत पहचान बन चुकी है। राष्ट्रहित की नींव से जुड़े इन लोगों के लिए देश ही सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प और उत्साह हमारे लिए प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को मजबूत करते हुए ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाना ही हमारा परम लक्ष्य है। सीएम भजनलाल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा से भुवनेश्वर में शिष्टाचार भेंट की।

**भीलवाड़ा के गैंगरेप-भट्टी कांड**

# कोर्ट में 2 आरोपी दोषी, 7 बरी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के बहुचर्चित गैंगरेप भट्टी कांड में 10 महीने बाद बड़ा फैसला आया है। गैंगरेप के बाद नाबालिग को जिंदा कोयले की भट्टी में जलाने के मामले में भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी माना है। वहीं, सात आरोपियों को बरी कर दिया है। बता दें कि पिछले साल 2 अगस्त को शाहपुरा जिले के कोटडी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप कर जिंदा कोयले की भट्टी में जलाने के मामला सामने आया था। भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट दो ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद शनिवार दोपहर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने दो मुख्य आरोपी सगे भाई कालू और कान्हा कालबेलिया को दोषी माना है। वहीं, 7 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। जिनमें मुख्य आरोपियों की पत्नी, बहन, मां-पिता सहित एक अन्य है। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी, तब आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।



### ये था पूरा प्रकरण

गौरतलब है कि शाहपुरा जिले के कोटडी थाना क्षेत्र में 2 अगस्त 2023 को एक सनसनीखेज मामला सामने आया था, जहां गिरडिया पंचायत क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की जो अपने खेत पर बकरियां चराने गई थी, उसके साथ गैंगरेप करके आरोपियों ने उसे जिंदा ही कोयले की भट्टी में डाल दिया था।

**दावानल** जयपुर में दो जगह भीषण आग

# आमेर के जंगलों में एक किलोमीटर एरिया आग की चपेट में... भारी क्षति

- सीतापुरा महल रोड पर एक रूई फैक्ट्री में लगी भीषण आग
- उधर, जंगल में हवा के संपर्क में आने से आग का भयावह रूप, पेड़ पौधों को नुकसान
- आगजनी से वन्य जीवों पर भी खतरे की आंशका

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की राजधानी जयपुर में शनिवार को आगजनी को दो बड़े मामले सामने आए। आमेर के पास जंगलों में शनिवार सुबह लगी आग ने भयावह रूप ले लिया। हवा के संपर्क में आने से आग ने करीब एक किमी लंबे एरिया को अपनी चपेट में ले लिया।

बताया जा रहा है कि वन्य जीव भी चपेट में आए हैं, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। रात तक आग पर काबू पाने के तमाम प्रयास किए जाते रहे। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो आग पर काबू पा लिया गया है। इधर, शॉर्ट सर्किट से लगी आग से रूई फैक्ट्री में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आमेर के पास जंगलों में शनिवार दोपहर लगी आग के कारण लगभग एक किलोमीटर एरिया का वन क्षेत्र चपेट में आ गया। वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम आग को काबू करने के लिए मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने की कोशिश की। जो देर रात तक जारी रही।



### बड़े क्षेत्र में आग पर काबू पाने का दावा

वन विभाग के रेंजर अजीत कुमार मीणा ने बताया कि शनिवार दोपहर आमेर इलाके के जंगल में टीम ने पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन हवा के साथ आग फैली व पहाड़ियों की ओर पहुंच गई। इससे पेड़-पौधे जल गए, वहीं वन्य जीवों को भी नुकसान की आशंका है। वन विभाग और आमेर अग्निशमन की टीमें 4 दमकल की गाड़ियों की मदद से आग बुझाने की कोशिश में लगी रहीं। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग सड़क से जंगल की तरफ लगी है। माना जा रहा है कि बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी ज्वलनशील पदार्थ से आग भड़की है। बड़े क्षेत्र में आग पर काबू पा लिया गया है। बाकी आग पर गड्ढा खोद पद्धति का उपयोग कर आग पर काबू पाने की कोशिश भी की गई।

### रुई फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग!

जयपुर के सीतापुरा महल रोड पर एक रूई की एक फैक्ट्री में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से फैक्ट्री में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। फायर बिग्रेड की 4 गाड़ियों की मदद से करीब 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया। फायर ऑफिसर ऊषा शर्मा ने बताया कि सीतापुरा में महल रोड पर स्थित रुई फैक्ट्री में आग लगी थी। फैक्ट्री में रूई व फाइबर का काम होता है। पुलिस की सूचना पर फायर बिग्रेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया।

## जरूरी खबर

### श्रीमाली ने जेलों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**जयपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर-द्वितीय सी. पी. श्रीमाली ने शनिवार को केन्द्रीय कारागृह, महिला जेल एवं जिला कारागृह का निरीक्षण किया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय, पल्लवी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों की अनुपालना में किए गए इस निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष सी. पी. श्रीमाली ने केन्द्रीय कारागृह में निरुद्ध बंदियों से संवाद किया एवं आवास व्यवस्था, साफ सफाई, खाने-पीने और रोजगार सहित अन्य संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया।

### लीकेज के कारण आज बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

जयपुर। बीसलपुर दूदू पेयजल परियोजना फेज प्रथम की पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण रविवार को कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी। पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर प्रथम अमिताभ शर्मा ने बताया कि बीसलपुर दूदू पेयजल परियोजना फेज प्रथम की 900 एमएम पाइपलाइन मे मालपुरा के पास लीकेज हो जाने के कारण पचेवर ऑफ टेक के 42 गावों, दूदू पंप हाउस के 108 गावों, नारायणा ऑफ टेक के 80 गावों तथा संभार पंप हाउस के 182 गांवों मे पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि लीकेज की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

### सहायक आचार्य, लाईब्रेरियन व PTI भर्ती परीक्षा संपन्न



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत शनिवार को ऐच्छिक विषय ज्योग्राफी की परीक्षा का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि bl विषय की परीक्षा के लिए कुल 23193 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र-प्रथम की परीक्षा में 8051 अभ्यर्थी एवं दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र-द्वितीय की परीक्षा में 7982 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

**राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को पद भरने की प्रस्तावित योजना 21 मई को पेश करने के दिए आदेश**

# उपभोक्ता आयोग के रिक्त पदों को लेकर कोर्ट ने जताई चिंता

**बेधड़क** | जयपुर




जोधपुर की राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ। पुष्पेन्द्र सिंह भाटी व न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण की खंडपीठ ने राज्य में उपभोक्ता आयोगों में कई जगह अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त होने से न्यायिक कार्यवाही बाधित होने पर चिंता जताई है।

साथ ही राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता को यह अवगत कराने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि पिछले एक से दो साल से कितने पद रिक्त हैं और उन पदों को भरने के लिए राज्य सरकार का क्या प्रस्तावित कार्यक्रम और योजना है। आगामी 21 मई को पेश करें। राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से राज्य के जिला और राज्य उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पद भरने, स्टाफ की पर्याप्त भर्ती, संसाधन आदि की मांग पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य के कई जिला आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पद पिछले एक से दो साल से खाली हैं। राज्य आयोग के सदस्यों के पूर्ण पद भरे हुए नहीं होने से उपभोक्ता अधिनियम के त्वरित न्याय की उम्मीद पूरी नहीं हो पा रही है।

### संबंधित विभाग नहीं ले रहे रुचि

कोर्ट को बताया गया कि खाद्य व नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलात के प्रमुख सचिव इन पदों को भरने में पर्याप्त रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल जोधपुर में राज्य आयोग की स्थायी पीठ गठित कर दी गई, लेकिन न्यायालय के निर्देशों के बावजूद जिला प्रशासन अभी तक पर्याप्त और सुविधाजनक जगह उपलब्ध नहीं करवा रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने बताया कि राज्य आयोग में एक सदस्य का पद और जिला आयोग में 7 पद अध्यक्ष के और जोधपुर में सदस्यों के तीन पद सहित 25 पद रिक्त हैं। आगामी छह माह में 21 और पद रिक्त होने से कुल 54 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रस्तावित है।

### न्यायिक कार्यों में आ रही बाधा

वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता पंवार कहा कि रिक्त पदों की वजह से जिला आयोग में न्यायिक कार्यवाही बाधित हो रही है। इन पदों को भरने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश की अध्यक्षता में चयन समिति भी गठित कर दी गई है। हाइकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य और भारत सरकार की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल मुकेश राजपुरोहित ने पैरवी की। खंडपीठ ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिए कि राज्य और जिला उपभोक्ता आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार और उपभोक्ता मामलात सचिव के पास क्या प्रस्तावित रूपरेखा और योजना है।

**फायर एक्ट के मसौदे पर मंथन शुरू... अग्निकांड रोकने की कवायद**

# छोटे-बड़े सभी उद्यमियों लिए जरूरी होगी फायर एनओसी

■ प्रदेश के फायर फाइटर्स की फायर एक्ट लागू करने की मांग से सुगबुगाहट तेज

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान में फायर एक्ट लागू होने के बाद से छोड़े बड़े सभी व्यापारियों, उद्यामियों, दुकानदारों व संस्थानों के लिए फायर एनओसी लेना आवश्यक हो जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश में कई हजार फैक्ट्रियां और कारखाने हैं, जिनके पास अब तक फायर एनओसी नहीं है। अकेले राजधानी और उसके आसपास करीब 5000 फैक्ट्रियां हैं, जिनमें 10 प्रतिशत के पास ही फायर एनओसी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि राजस्थान ऐसा स्टेट है जहां फायर एक्ट लागू नहीं और ना ही कोई अलग निदेशालय है।

जबकि पड़ोसी राज्य दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश और हरियाणा में फायर एक्ट बना हुआ है। यही वजह है कि अब आगजनी की घटनाओं पर नकेल करने और फायरफाइटर्स के लिए मानक निर्धारित करने की मांग उठ रही है। हाल ही में हेरिटेज नगर निगम के सीएफओ देवेंद्र मीणा ने फायरफाइटर की चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रदेश में फायर एक्ट और सर्विस रूल्स बनाने के संबंध में अपनी बात रखी। उधर, ग्रेटर नगर निगम की फायर समिति के अध्यक्ष पारस जैन ने फायर एक्ट लागू करने पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के सामने काफी मांगे रखी थी, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। सरकार की काम करने की बिल्कुल मंशा नहीं थी, लेकिन अब फायर एक्ट को लेकर मंथन किया जा रहा है। ये एक्ट न सिर्फ कार्मिकों के लिए उपयोगी साबित होगा, बल्कि आमजन और व्यापारियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

### आचार संहिता हटते ही योजना पर काम शुरू

फायर समिति के अध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि फायर सेफ्टी एक्ट लागू होने के बाद फायर एनओसी मैंडेटरी होगी और जिस तरह से आए दिन आगजनी की घटनाएं होती हैं, उस पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही आचार संहिता पूरी होगी, इस पर काम शुरू करेंगे और सरकार से योजना बनाकर फायर एक्ट को लागू कराने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि फायर एनओसी लेने की व्यवस्था में काफी हद तक सुधार किया गया है। अब फायर एनओसी मैन्युअल नहीं, बल्कि ऑनलाइन दी जा रही है। इसमें फाइल को आसानी से ट्रैक भी किया जा सकता है और पूरी पारदर्शिता के साथ फायर एनओसी देने का काम किया जा रहा है।

### बड़ी हानी से होगा बचाव

जैन ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फायर एनओसी उच्च प्रतिष्ठान, फैक्ट्री, बड़ी-बड़ी बिल्डिंग, हॉस्पिटल, सरकारी इमारतों के लिए मैंडेटरी है। फायर एक्ट बनने के बाद एक शॉप को भीबफायर एनओसी लेनी पड़ेगी। हालांकि, इसमें उन्हें कोई दुविधा नहीं आने दी जाएगी। नियमों में और सलीकरण किया जाएगा। आपको बता दें कि यदि शॉर्ट सर्किट वाले स्थान के आसपास फायर सेफ्टी बॉल या एक्सटिंग्विशर लगे होंगे तो आग पर समय रहते काबू पा लिया जाएगा, जिससे कोई बड़ी हानि नहीं होगी। फायर एक्ट में इस तरह के सभी प्रावधान शामिल होंगे।

**दिया कुमारी ने जनसभा में कहा...**

# कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार व परिवारवाद, मोदी राज में विकास को लगे पंख



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी लगातार अलग-अलग राज्यों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा के साथ प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद कर रहीं हैं। इसी कड़ी में शनिवार को उन्होंने हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह के समर्थन जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण को ठुकराकर सनातन का अपमान करने का काम किया है। उन्हें भारत में सत्ता पाने का कोई हक नहीं। कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के अलावा कोई काम नहीं हुआ। दीया ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। दीया कुमारी ने जनसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार हुए, घोटाले हुए। सतातन का अपमान करते हैं, ऐसे कांग्रेस को सत्ता में आने का कोई हक नहीं है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के बावजूद आमजन को देश हित में बाहर निकल कर वोट डालने का कर्तव्य पूरा करना है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इलाके के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने धर्मवीर सिंह को लेकर कहा कि उन्होंने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण करवाया। पिछले दस सालों में एक सांसद के रूप में बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। आगे भी आमजन के लिए बेहतर काम करेंगे।

**मुख्यमंत्री भजनलाल की वैवाहिक वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम**

# वृद्धजनों का दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

सांगानेर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी धर्मपत्नी गीता शर्मा की वैवाहिक वर्षगांठ मानसरोवर स्थित आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ जनों के बीच भोजन कर मनाई। इस दौरान वृद्धजनों को दुप्पटा ओढ़ा सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। मौके पर मनोज पांडेय, सुशील शर्मा पीरनगर, श्रीप्रकाश तिवारी, मनोज पांडेय, श्रीप्रकाश तिवारी, सुशील शर्मा, राजू कटारा, चंद्र शेखर जैमन, निर्मल शर्मा, शिवकांता पांडेय, विनोद शर्मा, मधुकर पारीक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

**माइनर और मेजर ब्लॉक्स की नीलामी को लेकर चर्चा**

# अगले माह बनेगा मासिक ऑक्शन का रोडमैप

**बेधड़क** | जयपुर



राज्य में माइनर और मेजर ब्लॉक्स की नीलामी के लिए डेलिनियेशन कार्य में तेजी लाई जाएगी। वहीं अवैध खनन गतिविधियों के प्रकरणों की जुर्माना राशि की वसूली के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह जानकारी शनिवार को सचिवालय में खान सचिव श्रीमती आनन्दी ने माइंस एवं भूविज्ञान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में दी।

उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए अधिक से अधिक माइंनिग ब्लॉक्स तैयार कर नीलामी पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा जून से मासिक रोडमेप तैयार किया गया है। खान सचिव ने कहा कि प्रदेश में खनिजों के खोज के लिए ड्रिलिंग, रिपोर्टस के विश्लेषण और उसके बाद प्लॉट तैयार कर ऑक्शन करने से बेशकीमती खनिजों की अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लग सकेगी। वहीं प्रदेश में राजस्व और रोजगार के अवसर विकसित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को पर्यवेक्षकीय भूमिका में आना होगा ताकि उनके कार्यक्षेत्र की सभी खनिज विभाग से संबंधित गतिविधियों की प्रभावी मोनेटरिंग सुनिश्चित हो सके।

खान सचिव आनन्दी ने खनिज विभाग के कार्यालयों व क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय राजस्व वसूली के प्रयासों की सराहना की और निरीक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। विभागीय कार्यालयों में ई-फाईल सिस्टम को प्रभावी तरीके से संचालित करने और निस्तारण अवधि में सुधार लाने को कहा।

**पूर्व सीएम ने अमेठी में मीडिया से चर्चा में कहा...**

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो भी जरूर बनता राम मंदिर: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर



लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अमेठी गए प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत शनिवार को प्रेस से मुखातिब हुए। इस दौरान गहलोत ने कहा कि केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार होती तो भी राम मंदिर बनता।

केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर राम मंदिर के अस्तित्व पर खतरे के पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पलटवार किया। मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है। कांग्रेस सरकार बनने पर राम मंदिर को कोई खतरा नहीं है। गहलोत ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी झूठ बोलते हैं, चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार एनडीए की नहीं होती और यूपीए की होती, कांग्रेस सरकार होती तो भी राम मंदिर बनता, यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। पीएम मोदी और बीजेपी के नेता भ्रम फैला रहे हैं। अब उनके भ्रम में कोई आने वाला नहीं है।

लोग समझ गए हैं कि मोदीजी झूठ बोलते हैं। गहलोत ने कहा कि इनके धर्म से लेकर हर कोई हथकंडे पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है, लोग समझ गए हैं कि महंगाई, बेरोजगारी असली मुद्दे हैं।

देश में प्यार मोहब्बत, भाईचारे का मुद्दा है। मुद्दे वहीं हैं जो राहुल गांधी बार-बार बोलते हैं। आप 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकते हो तो गरीब किसान, मजदूर ने क्या बिगाड़ा है?

### केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी

गहलोत ने कहा कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। अब तो पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के सभी नेताओं ने 400 पार की बात बोलना बंद कर दी है। 4 जून को चौंकाने वाले रिजल्ट आएंगे। लोगों के मन में रोष है। गहलोत ने कहा कि देश में जो हालात हैं, वो देख ही रहे हैं। लोकतंत्र खतरे में है। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई राज कर रही है। देश में चुनी हुई सरकारों को हॉर्स ट्रेडिंग करके गिराया जा रहा है। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में सरकारें गिराई गई थीं। राजस्थान में जनता के आशीर्वाद से उस समय मेरी सरकार बच गई, अन्यथा मैं भी अभी आपके बीच में नहीं बैठा होता। राजनीतिक गुंडागर्दी करके आप चुनी हुई सरकारों को गिरा रहे हो। इलेक्टरोल बॉन्ड अपने आप में घोटाला है। दो-दो मुख्यमंत्री जेल में डाल दिए। गहलोत ने कहा कि ईडी, इनकम टैक्स,सीबीआई का दुरुपयोग करने से जनता में नाराजगी है। जनता को लगता है महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी असली मुद्दे होने चाहिए थे। ये तमाम बातें जनता की जमकर बैठ गई है, इसलिए जनता उठ खड़ी हुई है। लोगों के मन में ये बात आ गई है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

### ऐसे हालात बनाए कि कोई चुनाव ही नहीं लड़ सके

गहलोत ने कहा- लोकतंत्र का मजाक बना रखा है। चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते बंद कर दिए। कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव नहीं लड़ नहीं पाए, यह कर दिया। खाते बंद कर दिए, चुनाव कैसे लड़वा पाएंगे। हमारे उम्मीदवार साधनों की कमी से जूझ रहे हैं। जनता और कार्यकर्ता साथ दे रहे हैं तो काम चल रहा है, नहीं तो चुनाव लड़ना मुश्किल हो जाता। यह स्थिति बना दी।

## जरूरी खबर

### महिला की मौत, मकान मालिक पर हत्या का आरोप

**जयपुर।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थियों में मौत का मामला सामने आया है। मकान मालिक और उसके परिचित पर घर में घुसकर हत्या करने का आरोप है। बोलेरो गाड़ी में शव डालकर 90 किलोमीटर दूर ससुराल लेकर पहुंचे आरोपियों का कहना है कि महिला ने सुसाइड किया है। महिला के गले पर चोट के निशान मिलने पर लोकल पुलिस को बुलाया गया। सांगानेर सदर थाना पुलिस टोंक से वापस शव को जयपुर लेकर आई और महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बौंली (सवाई माधोपुर) निवासी रसाल गुर्जर (25) की हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। वह सांगानेर सदर के गोविंदपुरा गांव में किराए से रहती थी। करीब 7 महीने से वह आशा बैरवा के मकान में 4 साल के बेटे के साथ किराए से रह रही थी। 11 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में रसाल की मौत हो गई।

### अब एक मिस्ड कॉल करके कर सकते हैं नेत्रदान

**जयपुर।** आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के उपाध्यक्ष व पूर्व डीजीपी कपिल गर्ग ने नेत्रदान का संकल्प लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई मिस्ड कॉल सेवा शुरू की है। यदि आप अंधेरे मे जीने वाले दृष्टिबाधितों के लिए मरणोपरांत अपना या अपने परिजनों का नेत्रदान करना चाहते हैं तो आप अपने मोबाइल से 7375855855 नंबर डायल करें। आपको एक लिंक का मैसेज आएगा, जिसमें उपलब्ध फॉर्म भर कर भेजने के बाद नेत्रदानी के रूप में रजिस्टर्ड हो जाएंगे। यह नंबर डायल करते ही ईबीएसआर की वेबसाइट www.ebsr.in की लिंक वाला मैसेज आएगा। इस लिंक पर क्लिक करते ही एक पेज खुलेगा, जिसमें संकल्प पत्र/प्लेज फॉर्म होगा। यह फॉर्म भरकर क्लिक करने के बाद आप आसानी से नेत्रदानी के रूप में रजिस्टर्ड हो जाएंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

SMS हॉस्पिटल में ऐसा पहला केस, पब्लिश करने के लिए इंटरनेशनल जनरल में भेजा

# महिला के थी 30 पथरियां, 4 फुट आंत काटकर निकालनी पड़ी

**बेधड़क** | जयपुर


एक महिला की आंत में 30 पथरियां थीं। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) में आंत का 4 फुट का हिस्सा काटकर अलग करने के बाद ये पथरियां निकाली जा सकीं। डॉक्टर ने बताया कि एसएमएस में इस तरह का यह पहला केस सामने आया है, जिसमें किसी इंसान की आंत से इतनी संख्या में पथरी निकली हो। एक या दो स्टोन के केस पहले मिल चुके हैं, इसीलिए इस केश को पब्लिश करने के लिए इंटरनेशनल जनरल में भेजा गया है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज की जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. जीवन कांकरिया और उनकी टीम ने ऑपरेशन किया। डॉ. कांकरिया ने बताया कि सवाई माधोपुर निवासी 36 वर्षीय महिला कई सालों से पेट दर्द और खून की कमी से जूझ रही थी।

महिला ने राजस्थान और गुजरात के कई हॉस्पिटलों में दिखाया। इलाज करवाया, लेकिन आराम नहीं मिला। बीमार को सही से ट्रेस नहीं किया जा सका था। पिछले महीने महिला ने एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में दिखाया।



### ढाई घंटे ऑपरेशन अब मरीज ठीक

डॉक्टर ने बताया कि लेप्रोस्कोपिक से ऑपरेशन किया गया और गॉल ब्लैडर बाहर निकाला गया। गॉल ब्लैडर में 2 से 3 पत्थर ही निकले। इस दौरान उनकी आंतों की जांच की तो उसमें से एक-एक करके लगभग 30 पत्थर निकले। जो 1.5 सेमी से लेकर 5 सेमी तक के थे। साथ ही आंत में 5 जगह सिकुड़न भी मिली। इसे देखते हुए आंत के 4 फुट हिस्से को निकालकर शेष आंत के हिस्से को जोड़कर ऑपरेशन को सफल किया। इस ऑपरेशन में करीब ढाई घंटे का समय लगा और अब मरीज ठीक है।



### आंत में रुकावट से बढ़ी परेशानी

डॉ. कांकरिया ने बताया कि महिला की सोनोग्राफी और एक्स-रे करवाने पर लगा कि गॉल ब्लैडर में बड़ी संख्या में पथरी है। इसके कारण उसके पेट में दर्द रहता था, कई बार उल्टियां भी आती थी। सोनोग्राफी के बाद महिला की कोलोनोस्कोपी की गई, तो पता चला कि आंत में रुकावट है। आंत में जगह-जगह घाव होने से सूजन हो गई। उसमें ब्लॉकेज हो गया। इसके बाद लगा कि आंत में भी पथरी हो सकती है।

जेके लोन प्लाज्मा प्रकरण में जांच टीम ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

# अब ब्लड बैग पर लगेगा बार कोड देते समय सॉफ्टवेयर में होगी एंट्री

**ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज अनुभाग की होगी स्थापना**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन के लिए निदेशक जनस्वास्थ्य के अधीन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज अनुभाग की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर ब्लड बैग या दूसरे कॉम्पोनेन्ट बैग पर बार कोड लगाया जाएगा। जब भी कोई ब्लड बैग किसी मरीज को दिया जाएगा तो उसकी बार कोड से एंट्री सॉफ्टवेयर के जरिए होगी, ताकि ये पता चल सके कि ब्लड बैंक से कितना ब्लड गया और कितना शेष है।

यह जानकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शनिवार को जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में गठित की गई जांच टीम द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अवसर पर दी। उन्होंने कहा कि रोगियों को बिना किसी परेशानी के रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन तंत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। ब्लड बैंक से संबंधित सभी चिकित्सकों को एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।




### रियल टाइम पर हो सकेगी मॉनिटरिंग

सिंह ने बताया कि सभी ब्लड बैंकों के निरीक्षण के लिए जोनल टीमों का गठन किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नियमित अंतराल पर इनका निरीक्षण हो। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा ब्लड बैंकों में बेहतर विजिलेंस के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करवाया जाएगा, जिसमें बार कोड आधारित इन्वेंट्री मैनेजमेंट एवं सप्लाई सिस्टम होगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ब्लड बैंकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।

### अनियमितता मिलने पर सोनी अस्पताल को नोटिस

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि जांच टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में एक निजी अस्पताल की भूमिका की सूचना पर विभाग ने सोनी अस्पताल स्थित ब्लड बैंक की भी जांच की गई है। यहां अनियमितताएं पाई जाने पर अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है। अस्पताल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जयपुरिया एवं एसएमएस अस्पताल के ब्लड बैंकों का भी निरीक्षण किया गया। इन दोनों अस्पतालों के ब्लड बैंकों में व्यवस्था सुचारू पाई गई।

### 5 मई को हुआ था मामले का खुलासा

उल्लेखनीय है कि 5 मई को इस मामले का खुलासा हुआ था। हॉस्पिटल में ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सतेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण में लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया को पकड़ा था। उस समय कटारिया की गाड़ी से बड़ी संख्या में प्लाज्मा के बैग बरामद किए थे। कटारिया लम्बे समय से ब्लड बैंक से प्लाज्मा चोरी करके सोनी हॉस्पिटल और अन्य दूसरी जगह बेचता था। मामला हेल्थ डिपार्टमेंट तक पहुंचने के बाद विभाग ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए 4 सदस्यों की कमेटी का गठन किया, जिसे 3 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा था। कमेटी में अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील कुमार परमार, उप वित्तीय सलाहकार श्री सुरेश चंद जैन, अतिरिक्त निदेशक एड्स कंट्रोल सोसायटी डॉ. केसरी सिंह शेखावत एवं औषधि नियंत्रक प्रथम डॉ. अजय फाटक को शामिल किया गया था। कमेटी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट एसीएस को सौंपी।

**40 लोगों को बचाया**

# इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, 12 वाहन जलकर कबाड़



**बेधड़क** | जयपुर

मुहाना मंडी के गेट नंबर-3 के पास भारत अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस दौरान 40 लोग अपार्टमेंट में फंस गए, जिन्हें दमकल की मदद से बाहर निकाला गया। दो दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया।

आग से पार्किंग में खड़े 12 वाहन जलकर कबाड़ हो गए। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों में पास खड़ी बाइक्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। पार्किंग में खड़ी बाइक्स, स्कूटी और एक कार ने आग पकड़ ली। धुआं उठने से अपार्टमेंट के लोगों का दम घुटने लगा। आग की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों को मौके पर बुलाया। पार्किंग में सीढ़ियों व लिफ्ट के पास पानी की बाछौर की गई। इसके बाद अपार्टमेंट में फंसे 40 लोगों को जैसे-तैसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से पार्किंग में खड़ी 10 बाइक, एक स्कूटी और एक कार जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। सीएफओ गौत्तम लाल ने बताया कि अपार्टमेंट की पार्किंग में आग लगने के कारण धुंआ ऊपर की ओर उठने लगा था। इससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों का सांस लेने में दिक्कत होने लगा थी। जैसे-तैसे सीढ़ियों के पास की आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला गया। एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि आग की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड दोनों समय पर पहुंच गई थी।


**आयकर छापेमारी:** परिवार की संपत्ति बताने में भी फर्जीवाड़ा

# बिल्डर के करोड़ों निवेश के कागज मिले

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में बड़े बिल्डरों पर छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। जानकारी के अनुसार तीसरे दिन करोड़ों रुपए निवेश के कागज मिले है। अब तक 16 किलो सोना और 70 लाख कैश पकड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि जयपुर में एआरएल ग्रुप और अक्षत बिल्डर्स पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई है, जो तीसरे दिन भी जारी रही। शनिवार सुबह करीब 10 बजे आयकर की टीमों को दोनों ग्रुप के



संचालकों के पास करोड़ों रुपए के दस्तावेज मिले हैं। ग्रुप के संचालकों ने परिवार की संपत्ति बताने में भी फर्जीवाड़ा किया हुआ है। आयकर विभाग की टीम ने शनिवार को एक बैंक लॉकर भी खोला। अभी तक टीम 13 में से 12 लॉकर खोलकर सोना और कैश जब्त कर चुकी है। गौरतलब है कि आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह ग्रुप के 11 ठिकानों पर छापे मारे थे। शनिवार को तीन ठिकानों पर सर्च खत्म कर दिया गया है। अब 8 जगह सर्च की जा रही है। आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो दिन में आयकर विभाग के अधिकारियों को दोनों समूहों के पास बड़ी मात्रा में संपत्ति मिली है। छापे के दौरान 8 लॉकरों से 16 किलो से ज्यादा सोना मिला है। 4 लॉकर से निवेश के दस्तावेज मिले हैं। आयकर की टीम को 6 अलग-अलग जगहों से 70 लाख की नकदी मिली है। वहीं, 50 करोड़ से ज्यादा के शेयर दोनों समूहों के मिले हैं। एआरएल ग्रुप ने 30 करोड़ के लाभ पर टैक्स चोरी की है। दरअसल, आयकर विभाग ने 16 मई की सुबह जयपुर, बगरू और बिंदायका में कुल 11 स्थानों पर छापेमारी की थी। आयकर की टीमों ने दोनों ग्रुपों के नन्द किशोर जैन, सुनील जैन, अंकित जैन, अक्षत जैन, पदम चन्द जैन और जुगल भनोट से पूछताछ की है।

### कार को टक्कर मार बेसमेंट में घुसा टैंकर




*जयपुर। मांग्यावास के पास पत्रकार कॉलोनी रोड पर शनिवार को पानी से भरा अनियंत्रित टैंकर एक कार को टक्कर मारता हुआ रॉन्ग साइड में बेसमेंट में घुस गया।* **-फोटोः राजेश कुमावत**

सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर

# विद्यार्थियों को कैंप में पहली बार दिया जाएगा वैदिक ज्योतिष का ज्ञान

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का सवाई पद्मनाभ सिंह ने उद्घाटन किया। शिविर महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट द्वारा पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था 'रंगरीत' तथा 'सरस्वती कला केन्द्र' के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि शिविर का उद्देश्य युवा पीढ़ी को संस्कृति, समृद्ध कला व शिल्प से परिचित कराना है। शिविर युवाओं के लिए पारंपरिक विरासत कला और शिल्प का ज्ञान व कौशल प्राप्त करने का अवसर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 26 वर्षों से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



### वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई शुरुआत

शिविर का उद्घाटन पद्मनाभ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए पौधे और परिंडे भी वितरित किए। उद्घाटन पर एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी रमा दत्त उपस्थित रहीं। शिविर में विद्यार्थियों को पहली बार वैदिक ज्योतिष से भी परिचय कराया जाएगा। साथ ही जंतर-मंतर स्मारक का भ्रमण कराया जाएगा।

### कार्यशाला में देंगे कला का प्रशिक्षण

शिविर का समन्वय रामू रामदेव द्वारा किया जा रहा है, जो बाबूलाल मारोटिया के साथ 'पारंपरिक चित्रकला' कार्यशाला का संचालन करेंगे। डॉ. मधुभट्ट तैलंग 'ध्रुवपद' कार्यशाला का संचालन करेंगीं तो डॉ. नाथूलाल वर्मा 'आराईश (फ्रेस्को)' की बारीकियां सिखाएंगे। वहीं ब्रजमोहन खत्री वैदिक ज्योतिष का ज्ञान देंगे। डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी कथक व लोक नृत्य कार्यशाला का संचालन करेंगी। आर. डी. गौड़ बांसुरी सिखाएंगे तो लक्ष्मी नारायण कुमावत 'मांडना' कार्यशाला का संचालन करेंगे और अशोक 'कैलीग्राफी' सिखाएंगे।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस नेता का रेलवे ट्रैक पर मिला शव



**भीलवाड़ा।** जिले में कांग्रेस नेता भैरूलाल भड़ाना का रेलवे ट्रैक पर शव मिला है। वे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। ट्रैक पर शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी गई। हादसा सुबह करीब 6 बजे का है। जानकारी अनुसार पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेता शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए थे। रेलवे ट्रैक पर घूमते हुए ट्रेन की चपेट में आ गए। वे काफी लंबे समय से बीमार थे। शव को महात्मा गांधी हॉसिप्टल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### पानी की टंकी पर चढ़कर फंदे पर झूला युवक

**चाकसू।** गांव रसूलपुरा में एक व्यक्ति पानी की टंकी पर चढ़कर फंदे से झूल गया। जानकारी के अनुसार रसूलपुरा गांव में पानी की टंकी पर प्लास्टिक के कट्टों की रस्सी से ओमप्रकाश पुत्र गणेश बैरवा लटका हुआ था, जिसे पास के लोगों ने देखा और परिजनों को इतला दी। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे और ओमप्रकाश को टंकी से नीचे उतारकर स्थानीय उपजिला अस्पताल ले गए, जिसे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनो के अनुसार ओमप्रकाश की दिमागी हालत ठीक नही थी।

### खेत में पकड़ी गांजे की फसल, आरोपी फरार



**चाकसू।** कस्बे के छांदेल गांव में शनिवार देर शाम डीएसटी टीम व पुलिस ने सयुंक्त बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे की खेती पकड़ी है। वहीं टीम के आने की भनक लगते ही खेत का मालिक फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खेत में अन्य फसल के बीच मे वैध रूप से गांजे की फसल उगा रखी थी। एक बार तो टीम भी मौके की हालत को देखकर गच्चा खा गई, लेकिन मुखबिर की पुख्ता खबर पर टीम ने हार नही मानी और खेत की गहनता से तलाशी ली गई तब गांजे की फसल मिली। इसी तरह कोटखावदा क्षेत्र में भी पुलिस को गांजे की फसल मिली है। चाकसू में की गई कार्रवाइ के दौरान मौके पर आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं पुलिस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। इसी बीच खेत का मालिक पुलिस के आने की सूचना मिलने पर पहले ही फरार हो गया।

---

डीडवाना के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने और जिओ पार्क बनाने की उठी मांग

# हजारों साल प्राचीन मानव सभ्यता के निशान अब भी मौजूद

बेधड़क | कुचामनसिटी

डीडवाना में हजारों साल से भी ज्यादा पुरानी सभ्यता के गवाह है। इसे 16-आर श्रेत्र कहा जाता है। इसको संरक्षित करने के लिए डीडवाना में जिओ पार्क बनाने और इस गौरवशाली इतिहास को स्कूल-कालेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने की भी मांग की गई है।

वैज्ञानिक और भूगर्भ शास्त्री डॉ. अरुण व्यास और इतिहासकार श्रवण ककड़ा ने बताया कि विश्व में सबसे प्राचीन सभ्यता सिंघु, हड़प्पा और मोहनजोदड़ो को माना जाता है, लेकिन डीडवाना में इससे भी हजारों सालों पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ था। डीडवाना क्षेत्र एसुलियन काल खंड अर्थात कई सालों पूर्व का साक्षी रहा है। उस दौर में यहां 'होमो इरेक्ट्स' यानि वर्तमान मानवों के पूर्वज मौजूद थे। पूर्व में इस बारे में फ्रांस के वैज्ञानिकों सहित कई वैज्ञानिक शोध कर यहां विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता होने का दावा कर चुके हैं। इन शोध के बारे में विदेशों में पढ़ाया भी जा रहा है, लेकिन राजस्थान की पाठ्यपुस्तकें अब तक इस विषय से अछूती है। इस बारे में वैज्ञानिक व भूगर्भशास्त्री डॉ. अरूण व्यास और इतिहासकार श्रवण काकड़ा ने सरकार से जिओ पार्क बनाने की मांग करते हुए कहा कि जियो पार्क बनने से यहां अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। इससे क्षेत्र का विकास भी होगा।



### मानव विकास गाथा के अमिट साक्ष्य

वैज्ञानिक व भूगर्भशास्त्री डॉ. अरूण व्यास और इतिहासकार श्रवण काकड़ा ने बताया कि डीडवाना की बांगड़ नहर के पास स्थित इस क्षेत्र में उस दौर के मानव ने यहां अपनी विकास गाथा के कई महत्वपूर्ण अमिट निशान देखे हैं। डीडवाना क्षेत्र में पेलियोलिथिक काल से सम्बन्धित 'एसुलियन कल्चरल ट्रेडीशन्स' संकेत मिले हैं, जो प्रमाणित करते है कि इस क्षेत्र में कई वर्ष पूर्व 'होमो इरेक्ट्स' आबाद थे। डॉ. व्यास ने बताया कि जीवाश्मों की अनुपस्थिति में डीडवाना के आस-पास प्रागैतिहासिक आबादी की उपस्थिति मानव निर्मित पत्थर कलाकृतियों की घटनाओं से साक्ष्यांकित है। यद्यपि यह शुष्क वातावरण से संबंधित है, फिर भी यहां जानवर तथा मानव की हड्डियां संरक्षित नहीं है। डॉ. व्यास के अनुसार पुरापाषाण कालीन डीडवाना के आस-पास बसी आबादी का मूल्यांकन तत्कालीन पर्यावरण में हड्डियों के संरक्षित नहीं हो पाने के कारण अवसादी विश्लेषण के आधार पर किया गया। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य हुए हैं।

### खुदाई में मिलीं मानव निर्मित आकृतियां

वैज्ञानिक व भूगर्भशास्त्री डॉ.अरूण व्यास ने बताया कि डीडवाना क्षेत्र में 'होमो इरेक्ट्स' के प्रमाण स्वरूप अनेक मानव निर्मित आकृतियां पाई गई है। इनमें मुख्यत: पत्थरों से बने हथियार हैं। डीडवाना क्षेत्र में डेक्कन कालेज, पुणे के दल द्वारा डॉ. वी.एन. मिश्रा व डॉ. एस. एन. राजगुरु के निर्देशन में 1980 के दशक में सिंघी तालाब व आस-पास के क्षेत्रों में 'एशूलियन इण्डस्ट्रीज' की खुदाई की गई। इसमें मानव निर्मित आकृतियां (आर्टिफेक्ट्स) भू-सतह से 40 व 80 सेंटीमीटर नीचे पाए गए। निचले स्तर में 'एसुलियन' के बड़े हस्त कुल्हाड़ मिले। खुदाई में 16-आर क्षेत्र से छोटे औजार, बड़े काटने के औजार जैसे 'चौपर', पोलीहेण्ड्रोस' व 'स्पेरोइड्स' इत्यादि करीब 1300 आर्टिफेक्ट्स मिले हैं। इनमें से 90 प्रतिशत मारवाड़ बालिया की पहाड़ी की कायान्तरित चट्टानों से निर्मित है। सिंघी तालाब से इस पहाड़ी की दूरी करीब 3 किमी है। ये चट्टानें मुख्यत: 'क्वार्टजाइट्स' है, इससे स्पष्ट होता है कि पुराऐतिहासिक मानव झील के किनारे आबाद थे।

---

खाद्य सुरक्षा विभाग टीम को मिली थी बड़े स्तर पर सप्लाई की सूचना

# कोटा में मिला 'श्री सरस' ब्रांड का 4 हजार लीटर घटिया घी

■ जयपुर में भी बरामद हुआ था इसी ब्रांड के 'जहर' का जखीरा

बेधड़क | कोटा

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जयपुर में हुई कार्रवाई के बाद कोटा में भी देर रात छापा मार कार्रवाई की है। शुक्रवार रात 10:30 बजे से शनिवार तड़के 3 बजे तक चली इस कार्रवाई में 4000 लीटर संदेह जनक बदबूदार घी की बड़ी खेप बरामद की गई है। इस कार्रवाई में 'श्री सरस' ब्रांड का घी बड़ी मात्रा में मिला है, जिसे गोदाम में ही सीज कर दिया गया है।

प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने जयपुर में कार्रवाई करते हुए घी की खेप बरामद की थी। वहां से उन्हें सूचना मिली कि कोटा में भी इस तरह के घी की खेप का व्यापार हो रहा है। ऐसे में उन्होंने कोटा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी को निर्देश दिए। इसके बाद सीएमएचओ डॉ. सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह जादौन, संदीप अग्रवाल व नीतेश गौतम ने देर रात 10:30 बजे कुन्हाड़ी थाना इलाके में बालिता रोड स्थित संदीप ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर छापा मारा। मालिक संदीप जैन गोदाम पर ताला लगा कर चला गया था। एफएसओ टीम ने व्यापारी जैन को गोदाम पर बुलाया। गोदाम में करीब 4000 लीटर घी की बड़ी खेप बरामद हुई।



### दमन से लाकर बेच रहे थे घी

पंकज ओझा का कहना है कि यह कार्रवाई जयपुर के बाद त्वरित गति से कोटा में की गई है। कोटा में यह कार्रवाई नहीं होती तो, इस घी को बाजार में सप्लाई कर दिया जाता और न जाने इससे कितने लोग बीमारी का शिकार होते। इस घी को भी दमन से लाकर प्रदेश के कई जिलों में बेचने की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार की डेयरियों के सरस घी प्रोडक्ट के नाम को मिस ब्रांड कर 'श्री सरस' के नाम बेचा जा रहा था। ऐसे में उन्हें भी इस संबंध में सूचना भेजी गई है। कोटा के फूड सेफ्टी ऑफिसर चंद्रवीर सिंह जादौन का कहना है कि उन्होंने कार्रवाई जयपुर में अमानक घी पाए जाने के बाद की है। इसके नमूने लेकर जांच के लिए लैबोरेट्री में भेजे जा रहे हैं।

### 13,700 लीटर घी पकड़ा

वहीं, जयपुर में भी बीते दिन खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बड़ी मात्रा में घी का स्टॉक जब्त किया था। अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त पंकज ओझा के निर्देश पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ओझा ने बताया कि विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 9 पर छापा मार 13700 लीटर घटिया घी को जब्त किया गया है। ओझा ने बताया कि श्री सरस के नाम से दमन में इस घी को बनाया जा रहा था और जयपुर में सप्लाई किया जा रहा था।

---

तंत्र विद्या के नाम पर ठगी

## कथित तांत्रिक ने घर में अनहोनी होने का भय दिखाकर ठगे ढाई करोड़



बेधड़क | अजमेर

जिले में जल्द अमीर बनने की चाह में महिला से ढाई करोड़ की ठगी करने वाले कथित तांत्रिक मशीयत हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑनलाइन गैंबलिंग और सट्टे का शौकीन है। इस शौक में उसको तगड़ा नुकसान हुआ और वो कर्जदार हो गया। आरोपी ने पीड़ित महिला को तंत्र-मंत्र का झांसा देकर उसे अपना शिकार बनाया।

शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पीड़िता अजमेर के नवाब का बेड़ा निवासी 41 वर्षीय महिला पायल गुरनानी पुत्री नानकराम गुरनानी ने शहर के क्लॉक टॉवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने जांच की और आरोपी मशीयत हुसैन के खातों की जांच की तब आरोप सही पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पायल गुरनानी के 160 ग्राम वजनी जेवरात और सिक्के भी बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी मशीयत हुसैन ने बताया कि उसको ऑनलाइन गैंबलिंग खेलने का शौक लग गया, जिससे वह कर्जदार हो गया। उसका पीड़िता से सम्पर्क हुआ और परिवार में अनिष्ठ होने का डर दिखाकर पैसे अपने खातें में डलवाता रहा। ऑनलाइन सट्टे में लगभग 2.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ऐसे में आरोपी ने ठगी की वारदात की। आरोपी मशियत हुसैन ने पीड़िता को तंत्र मंत्र का डर दिखाते हुए जेवरात भी बैंक में गिरवी रखकर लाखों रुपए हड़प कर लिए। इसके बाद उसने दबाव बनाया कि वह अपना मकान उसके नाम कर दे। बाद में धर्म बदलकर शादी का दबाव भी बनाया। इसके बाद भी लाखों रुपए लिए और पिता की मौत का डर दिखाया। अब भी रुपए की मांग थम नहीं रही। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर आरोपी को दबोच लिया।

---

पति व तीन जेठ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

## ससुराल में महिला के साथ मारपीट

बेधड़क | लक्ष्मणगढ़

कस्बा निवासी एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, गालीगलौच करने तथा धमकियां देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

इस संबंध में पीड़िता की ओर से महिला पुलिस थाना सीकर में पेश परिवाद के आधार पर लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने महिला के पति व तीन जेठों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सरकारी सेवा में है। लक्ष्मणगढ़ कस्बे में राणीसती मंदिर के पास रहने वाली कविता सैनी ने महिला थाने में दी शिकायत में बताया कि शादी के समय से ही उसके साथ ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट व गाली-गलौच की जा रही है तथा धमकियां देकर परेशान किया जा रहा है। गत 7 मई को पीड़िता महिला जब स्कूल से आई तो उसके जेठ अशोक व राधेश्याम सैनी ने अकेला पाकर उसके साथ मारपीट व गालीगलौच की तथा बाल पकडक़र घसीटा। इस प्रताड़ना में उसका सबसे बड़ा जेठ रामनिरंजन सैनी भी शामिल है। इसके अलावा महिला का पति रामावतार पंवार भी मारपीट के खिलाफ शिकायत करने पर महिला को ही चुप करा देता है। शिकायत में महिला ने बताया कि महिला का पति व तीनों जेठ उसके घर के पीछे बैठकर शराब पीते हैं और शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। पीड़िता कविता ने इस संबंध में लक्ष्मणगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की तो राजनीतिक सिफारिश के चलते उसे ही धमकाया गया तथा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस पर महिला ने पुलिस थाना सीकर में शिकायत दी। इसमें पीड़िता ने कहा कि उसे अगर कुछ हो जाता है उसके जिम्मेदार रामनिरंजन, अशोक, राधेश्याम व रामावतार पंवार होंगे। मामले की जांच थानाधिकारी महेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

---

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम

## खड़ी बस में घुसी बाइक, दो भाइयों की मौत

बेधड़क | चाकसू

कस्बे के नेशनल हाईवे-52 स्थित कोथून पुलिया के पास शनिवार को सड़क पर खड़ी निजी बस में पीछे से एक बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार-2 सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि बालक समेत एक महिला घायल हो गई। उनकी हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया।



घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कोथून पुलिया के पास जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू किया। जानकारी के अनुसार 2 घंटे तक जाम लगा रहा। इससे हाईवे के दोनों ओर लंबी कतारें लग गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश की, लेकिन ग्रामीण नहीं माने उन्होंने यहां स्पीड ब्रेकर बनवाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने की मांग की। मौके पर उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा , एसीपी सुरेंद्र सिंह मोके पर पहुंचे और लोगों को बामुश्किल समझाइश कर जाम खुलवाया, तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार सांभर निवासी दो सगे भाई बद्री बावरिया व गणेश बावरिया, गणेश की पत्नी जमना क्षेत्र में मजदूरी करने आए हुए थे। ये चारों एक ही बाइक पर थे, जो चाकसू की ओर आ रहे थे। कोथून पुलिया के पास निजी बस सड़क पर सवारियां बैठाने के लिए खड़ी थी, इसी दौरान बाइक पीछे से बस में जा घुसी।

चारों घायलों को एम्बुलेंस से उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों में दोनों भाइयो बद्री व गणेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गणेश की पत्नी जमना व पुत्र महेंद्र गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

# एसीजेएम कोर्ट की मांग नियमानुसार जल्द पूरी होगी: जस्टिस उपमन

बेधड़क | चाकसू

न्यायालय परिसर में शनिवार को दी बार एसोसिएशन चाकसू की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट जस्टिस अनिल कुमार उपमन रहे।

उन्होंने पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई। इस मौके पर स्थानीय विधायक रामावतार बैरवा, मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर प्रथम प्रियंका पारीक, अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-15 स्वाति व्यास, मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-19 कंचन सिंह राजावत व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत की। वहीं समारोह की शुरुआत दीपप्रज्ज्वलन से की गई। चाकसू बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा एवं अन्य अधिवक्ताओं ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार माला व साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट जस्टिस अनिल कुमार उपमन ने कहा चाकसू में अधिवक्ताओं के एसीजेएम कोर्ट की मांग नियम अनुसार जल्द पूरी होगी। जस्टिस उपमन ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपने जीवन में लंबे समय तक वकालत की है।

अधिवक्ताओं के बीच आकर मुझे बहुत अच्छा महसूस होता है। राजस्थान के सभी अधिवक्ताओं का बैंच में प्रतिनिधि हूं। सभी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयास करता हूं।




### अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए होंगे पूरे प्रयास

इस मौक़े पर विधायक रामावतार बैरवा ने भी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि आगामी विधानसभा के पहले बजट में चाकसू को एसीजेएम कोर्ट मिले, इसके लिए प्रयास पूरे होंगे। विधायक बैरवा ने कहा कि कोर्ट परिसर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को शिप्ट करवा दिया गया हैं। यहां अधिवक्ताओं के छाया-पानी बैठने की व्यवस्था को लेकर भी पूरा सहयोग होगा।

### बार व बेंच के बीच रहे समन्वय

इस मौके पर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर प्रथम प्रियंका पारीक, अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-15 चाकसू स्वाति व्यास, मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-19 चाकसू कंचन सिंह राजावत ने भी अधिवक्ताओं को सम्बोधित किया और वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि बार और बेंच के मध्य समन्वय रहे और वादियों को समय से न्याय प्रदान कराएंगे।

### समारोह में ये भी रहे मौजूद

इस अवसर एडवोकेट श्रवण शर्मा, सुनील शर्मा, अमित बाहेती, सरदार हरप्रीत सिंह, निर्मल जैन, रफीक मोहम्मद, अर्जुन सिंह, कासिम खान पार्षद दिनेश शर्मा सहित बडी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं बार एसोसिएशन की तरफ से सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

CA इंटर और फाउंडेशन परीक्षा 2024 का शेड्यूल जारी... सितंबर में होगी आयोजित

# ICAI: अभ्यर्थियों का परीक्षा तिथियों का इंतजार हुआ खत्म

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने शनिवार को सितंबर 2024 में होने वाली सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। सीए फाउंडेशन परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 1 मई, 2024 को समाप्त हो गई थी, जिसके बाद से उम्मीदवार परीक्षाओं की तारीखों का इंतजार कर रहे थे। आधिकारिक शेड्यूल देखने के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट icai.org पर जाकर देख सकते हैं।

ICAI, CA की इंटरमीडिएट कोर्स परीक्षाएं 12 सितंबर से 23 सितंबर, 2024 तक आयोजित की जाएंगी और फाउंडेशन कोर्स परीक्षा 13, 15, 18 और 20 सितंबर 2024 को आयोजित की जाएंगी। ICAI की एक आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, परीक्षा का शेड्यूल अपरिवर्तित रहेगा। भले ही किसी भी परीक्षा की तारीख पर यदि केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार सार्वजनिक अवकाश घोषित करती है, तब भी परीक्षा के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। परीक्षाएं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

### कब-कब आयोजित होगी परीक्षा

शेड्यूल के अनुसार, आईसीएआई सीए फाउंडेशन 2024 परीक्षाएं 13, 15, 18 और 24 सितंबर को आयोजित की जाएंगी। सीए इंटर परीक्षाएं 12 से 23 सितंबर के बीच होने वाली हैं। आईसीएआई सीए इंटर के ग्रुप I की परीक्षाएं 12, 14 और 17 सितंबर 2024 और ग्रुप II की परीक्षाएं 19, 21 और 23 सितंबर 2024 को आयोजित की जाएंगी



### यह रहेगा परीक्षाओं का समय

आईसीएआई सीए फाउंडेशन का पेपर 1 और 2 का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। ये परीक्षा तीन घंटे के लिए आयोजित की जाएगी। पेपर 3 और 4 का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। ये परीक्षा दो घंटे के लिए आयोजित की जाएगी। आईसीएआई सीए इंटर परीक्षा के सभी पेपर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। ये परीक्षा तीन घंटे के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जल्द जारी किए जाएंगे।

**Yuva स्टोरीज**

## सरकारी स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर



**बेधड़क** | जयपुर

हम लाएंगे खुशियां अभियान के अंतर्गत एनएवी इंडिया की ओर से प्रताप नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल में वाटर कूलर भेंट किया गया। टीम लीडर श्रीकिशन अग्रवाल के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने यह भेंट किया। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे 250 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। एनएवी के एमडी अनिल अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत समय पर जरूरतमंदों को मदद विभिन्न टीमों के माध्यम से की जाती है, जिससे उनके मध्य सहायता के भाव उत्पन्न हो और वे समाज के बेहतर नागरिक बन सके।

## अक्षयपात्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से जाना



**बेधड़क** | जयपुर



दुनिया की सबसे बड़ी रसोई की कार्यप्रणाली से संबंधित विभिन्न मापदंडों को विद्यार्थियों ने नजदीक से जाना। जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंडस्ट्री टूर में अक्षयपात्र मे बनने वाले भोजन के बारे एक्सपर्ट्स ने विस्तार से बताया। उन्होंने भोजन बनने से उसके वितरण तक की सारी प्रक्रियाओं के बारे में स्टूडेंट्स को बताया। फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह की विजिट से स्टूडेंट्स को नजदीक से विभिन्न उद्योगों को सीखने का मौका मिलता है, जो उनके करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## जेकेएलयू और बिट्स पिलानी के बीच एमओयू



**बेधड़क** | जयपुर

एजुकेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (जेकेएलयू), जयपुर और बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी (बिट्स पिलानी) ने एक एमओयू साइन किया है। बिट्स में हुए इस एमओयू में बिट्स की ओर से रजिस्ट्रार कर्नल सौम्यबर्ता चक्रवर्त और जेकेएलयू की ओर से वाइस चांसलर डॉ. धीरज सांघी ने साइन किए। एमओयू में शैक्षणिक सहयोग, सहकारी अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और परियोजनाओं, छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त प्रकाशनों और सेमेस्टर एक्सचेंज कार्यक्रमों सहित स्टूडेंट वेलफेयर के अन्य समझोते शामिल हैं। प्रो. सांघी ने बताया कि इस एमओयू के तहत, जेकेएलयू के बी.टेक., एम.टेक. और पीएच.डी. छात्र विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। बिट्स पिलानी भारत के पहले छह बेहतर संस्थानों में से एक है।उन्होंने बताया कि बिट्स पिलानी से सेमेस्टर एक्सचेंज में शैक्षणिक शुल्क नहीं लगेगा।

एक महीने बाद होगा UPSC प्रीलिम्स का आयोजन

# तैयारी को मजबूत बनाए रखने के दिए IFS ने टिप्स

**एजेंसी** | नई दिल्ली


यूपीएससी की ओर से आयोजित होने वाली सिविल सर्विस एग्जामिनेशन प्रीलिम्स (CSE) की परीक्षा का आयोजन 16 जून 2024 को किया जाएगा। जो उम्मीदवार IAS,IPS अधिकारी बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए ये पहला चरण है। यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स परीक्षा इस साल 80 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।बता दें, इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से, कुल 1,056 रिक्तियों को भरा जाएगा। जिनमें से 40 रिक्तियां PwPD कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। आइए जानते हैं परीक्षा से एक महीने पहले क्या करना चाहिए और क्या नहीं, ताकि अब तक की तैयारी मजबूत हो सके।




IFS अधिकारी रमेश बिश्नोई, जिन्होंने चार बार यूपीएससी की परीक्षा पास की है, उन्होंने X पर यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स परीक्षा से जुड़े टिप्स शेयर किए हैं। उन्होंने X पर लिखा, लगातार पांच बार यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स और चार बार आईएफएस कटऑफ पास करने के बाद, मैंने इस परीक्षा की तैयारी के दौरान एक या दो चीजें सीखी हैं। अब केवल एक महीना बचा है, यहां जानें- क्या करें और क्या न करें"। बता दें, यूपीएससी प्रीलिम्स जनरल स्टडीज पेपर - I कुल 200 अंकों के लिए आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को पेपर पूरा करने के लिए 2 घंटे का समय दिया जाएगा। पेपर II भी 200 अंकों का होगा और इस पेपर को हल करने के लिए दो घंटे का समय दिया जाएगा। यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स एक क्वालीफाइंग पेपर है। इसके अंक फाइनल रिजल्ट में नहीं जोड़े जाएंगे। जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास करेंगे, उन्हें यूपीएसीस मेन्स परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जाएगा।

## परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए सलाह

- बाजार में आने वाली नए स्टडी मटैरियल को खरीदने से बचें। जो कुछ आपने पहले ही कवर कर लिया है और नोट्स बनाएं हैं, उनसे ही रिवीजन करें।
- यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स परीक्षा को पास करना चाहते हैं, तो मॉक टेस्ट को हल करना सबसे ज्यादा जरूरी है। इससे आप समझ पाएंगे कि आप कहां कमजोर और परीक्षा हल करने के दौरान किन गलतियों को सबसे अधिक करते हैं। इसी के साथ ऑनलाइन, ऑफलाइन नोट्स बनाएं।अपनी गलतियों से सीखें और उसमें सुधार करने की कोशिश करें।
- पिछले कई सालों के प्रश्न पत्र आपके लिए सोने के समान हैं। पिछले 10 वर्षों के यूपीएससी प्रीलिम्स प्रश्न पत्रों का विश्लेषण करें। कई प्रश्नों को समझें और उनके कॉन्सेप्ट को दोहराएं।



## SRN स्कूल में छात्र छात्राओं के शानदार परिणामों पर हर्षोल्लास

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

सीबीएसई दसवीं व बारहवीं बोर्ड के परिणाम में इस बार एस आर एन इन्टरनेशनल स्कूल जगतपुरा के छात्र-छात्राओं ने परिणामों में मिली सफलता पर हर्षोल्लास का माहौल है।

खुशी के इन पलों को विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मेघावी विद्यार्थिया को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके को जमकर सेलीब्रेट किया और परीक्षा में अच्छी सफलता पाने वाले अपने बच्चों पर गर्व जताया। सफलता के बाद विद्यार्थियों ने आगे भविष्य में देश की अनेक सेवाओं में जैसे-डॉक्टर इंजीनियर सीए बनने की बात कही और अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों तथा परिवारजन को दिया।

कक्षा-12वीं साइंस में भव्या ब्याडव्याल ने 95.6% अंक प्राप्त किये चेतन्य द्विवेदी ने 92.6% तथा अवनी सुसावत ने 90% अंक प्राप्त किए।

वाणिज्य वर्ग में आकाश गुप्ता ने 93.8%, सुहानी अग्रवाल ने 92.6%. प्रियंका अग्रवाल ने 91.4%, दृष्या शर्मा ने 91.6% तथा पार्थ अँवर ने 90.4% अंक हासिल किए। कला वर्ग में प्लाक्षी पारीजात ने 94.2%, अवनी सैन 94%, अंश प्रताप 91.2% तथा अरनभ दास ने 91.2% अंक प्राप्त किए।

कक्षा-10वीं में नव्या ब्याडव्याल ने 95.3% अंक प्राप्त किए, ईशानवी ने 95.8%, जया शर्मा 94.8%, करण खेमला 94% महत्वी गुप्ता 93.6%, प्रतीकना 92% तथा किरीट ने 90.8% अंक हासिल किए।

## बिंध्या शर्मा को पीएच.डी

**बेधड़क** | जयपुर

वनस्थली विद्यापीठ द्वारा बिंध्या शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। विंध्या शर्मा विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर श्रीमती डॉक्टर संतोष मीना के निर्देशन में इंटरनेट एडिक्शन पर्सनेलिटी,स्लीप हाइजीन, एवम कॉग्निटिव फेलियर अमोंग एडोलेसेंसा विषय पर शोधकार्य पूर्ण किया



**प्रेरक** वंचितों के जीवन को उन्नत शिक्षा से रोशन कर रही शिक्षिका

# आदिवासी बच्चों को शिक्षा की धारा से जोड़ने की पहल

### अथक प्रयासों से डिजिटल नवाचारों से मिसाल बना सरकारी स्कूल

**बेधड़क** | जयपुर





राजस्थान के कोटा जिले के एक सुदूर ग्रामीण स्कूल में डिजिटल अटेंडेंस छोटी बात नहीं है। ये स्कूल पीएमश्री योजना में शामिल किया गया है, जहां पर आदिवासी समुदाय के बच्चे पढ़ने आते हैं। वर्तमान में कालबेलिया समुदाय के बच्चों के लिए यह स्कूल शिक्षा की एक नई रोशनी की तरह जगमगा रहा है। बात हो रही है राजस्थान के कोटा जिले के परालिया की ढाणी राजकीय प्राथमिक विद्यालय की, जो बेहतर पढ़ाई के साथ डिजिटल अटेंडेंस की व्यवस्था के कारण राजस्थान के शिक्षा जगत में चर्चा में बना हुआ है। स्कूल की यह सूरत बदलने का श्रेय जाता है स्कूल की शिक्षिका बीना केदावत को। बीना ने अपने अथक प्रयासों से न केवल स्कूल की सूरत बदली, बल्कि आसपास के इलाके में भी शिक्षा की अलख जगाई है। स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली कालबेलिया समुदाय की शिवानी पहले हिंदी भी बोलना नहीं जानती थी, लेकिन आज अपनी क्लास में पढ़ने में सबसे आगे हैं। हिंदी ही नहीं, वह दूसरे विषयों में भी अव्वल हैं। ये मुमकिन हो सका है उनकी टीचर बीना केदावत की वजह से। इस स्कूल में ज़्यादातर बच्चे कालबेलिया, मोग्या जैसे समुदाय से आते हैं, जो घूम-घूमकर अपना जीवन बसर करते हैं। पढ़ाई-लिखाई से कभी इनका दूर-दूर तक नाता नहीं था। हिंदी बोलना तो दूर की बात है। ख़ास बात ये है कि इस स्कूल को अब पीएम श्री योजना के लिए चुना गया है।

### बाहर भी जगाई शिक्षा की अलख

बीना केदावत ने जब ये स्कूल जॉइन किया था तब यहां पर लगभग 25 बच्चे थे, लेकिन उनके सफल प्रयासों के जरिए अब यहां पर 60 बच्चे पढ़ रहे हैं। बीना केदावत का कहना है कि कोरोना वायरस के समय हमने डिजिटल वर्ल्ड के जरिए गांवों में शिक्षा को पहुंचाया। हम वॉट्सएप ग्रुप के ज़रिए बच्चों को होमवर्क देते थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह की रुकावट न आए। यही नहीं, बीना बस्तियों में जाकर ज़रूरतमंद बच्चों को पढ़ाती हैं।

### आधुनिक सुविधाओं से मिसाल बना स्कूल

आज बीना न सिर्फ अपने स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रही हैं, बल्कि झुग्गी-झोंपड़ियों में भी जाकर बच्चों को पढ़ाती हैं। जहाँ पर बच्चों के लिए स्कूल की सुविधा नहीं है। बीना का मानना है कि पढ़ना उन बच्चों का भी हक है। बीना के स्कूल में आज डिजिटल अटेंडेंस होती है, डिजिटल अटेंडेंस में टीचर मोबाइल फोन से क्यूआर कोड को स्कैन करते हैं, जिससे बच्चों के अभिभावकों के पास मैसेज पहुंच जाता है। आज स्कूल में सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर, टीवी जैसी सुविधाएं भी हैं।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

### ओडिशा में जगन्नाथ पुरी से 35 किलोमीटर दूर कोणार्क शहर में है जगत प्रसिद्ध सूर्य मंदिर

# मंदिर जिसके आधार 12 पहिए बताते हैं सटीक समय, हवा में तैरती है मूर्ति

**शाश्वत सनातन**

*कोणार्क का सूर्य मंदिर ओडिशा में स्थित पांच महान धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। अन्य चार स्थल पुरी, भुवनेश्वर, महाविनायक और जाजपुर हैं। कोणार्क के सूर्य मंदिर की विशेषता यह है कि इस मंदिर के आधार पर 12 जोड़ी पहिए स्थित हैं। वास्तव में ये पहिये इसलिए अनोखे हैं, क्योंकि ये समय भी बताते हैं। इन पहियों की छाया देखकर दिन के सटीक समय का अंदाजा लगाया जा सकता है। मंदिर के शीर्ष पर एक भारी चुंबक रखा गया था और मंदिर के हर दो पत्थर लोहे की प्लेटों से सुसज्जित हैं। कहा जाता है कि मैग्नेट के कारण मूर्ति हवा में तैरती हुई दिखाई देती है।*

कोणार्क सूर्य मंदिर भारत के ओडिशा राज्य स्थित जगन्नाथ पुरी से 35 किलोमीटर दूर कोणार्क शहर में है। इस मंदिर का निर्माण कलिंग वास्तु कला के अंतर्गत हुआ। इस मंदिर का निर्माण बलुआ पत्थर और ग्रेनाइट से हुआ है। कोणार्क दो शब्दों कोण और अर्क से मिलकर बना है। अर्क अर्थात सूर्यदेव हैं। इस मंदिर में सूर्यदेव रथ पर सवार हैं। मंदिर के शीर्ष पर एक भारी चुंबक रखा गया था और मंदिर के हर दो पत्थर लोहे की प्लेटों से सुसज्जित हैं। कहा जाता है कि मैग्नेट के कारण मूर्ति हवा में तैरती हुई दिखायी देती है। सूर्य देव को ऊर्जा और जीवन का प्रतीक माना जाता है। कोणार्क का सूर्य मंदिर रोगों के उपचार और इच्छाओं को पूरा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। 52 टन चुंबकीय लोहे से बनी है मंदिर की चोटी इस मंदिर में प्रत्येक दो पत्थरों के बीच में एक लोहे की चादर लगी है। मंदिर की ऊपरी मंजिलों का निर्माण लोहे की बीमों से हुआ है। मुख्य मंदिर की चोटी के निर्माण में 52 टन चुंबकीय लोहे का उपयोग हुआ है। माना जाता है कि मंदिर का पूरा ढांचा इसी चुंबक की वजह से समुद्र की गतिविधियों को सहन कर पाता है। माना जाता है कि कोणार्क मंदिर में सूर्य की पहली किरण सीधे मुख्य प्रवेश द्वार पर पड़ती है। सूर्य की किरणें मंदिर से पार होकर मूर्ति के केंद्र में हीरे से प्रतिबिंबित होकर चमकदार दिखाई देती है। कोणार्क सूर्य मंदिर के प्रवेश द्वार के दोनों और दो विशाल शेर स्थापित किए गए हैं। इन शेरों द्वारा हाथी को कुचलता हुआ प्रदर्शित किया गया है। प्रत्येक हाथी के नीचे मानव शरीर है, जो मनुष्यों के लिए संदेश देता हुए मनमोहक चित्र है।

## मंदिर निर्माण पर इतिहासकारों में मतभेद

*साल 1984 में कोणार्क के सूर्य मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल की मान्यता दी गई। कोणार्क मंदिर के निर्माण को लेकर इतिहासकारों में मतभेद है। कई विद्वानों का मानना है कि कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण गंग वंश के शासक राजा नृसिंहदेव द्वारा करवाया गया था। वहीं, कुछ विद्वानों का तर्क है कि राजा नृसिंहदेव की मृत्यु के बाद कोणार्क मंदिर का पूर्ण निर्माण नहीं हो सका। वर्तमान समय में मंदिर का आधा अधूरा ध्वस्त ढांचे का मुख्य कारण राजा नृसिंहदेव की मृत्यु को बताते हैं। हालांकि, इसमें सत्यता का अभाव है। जानकारों की मानें तो सन 1260 में कोणार्क मंदिर का निर्माण हो गया था। जबकि, राजा नृसिंहदेव का शासन काल 1282 तक रहा था।*









### मान्यता: श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब ने बनवाया था मंदिर

*पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को किसी कारण श्राप मिला था और उनको कोढ़ हो गया था। कालांतर में साम्ब ने मित्रवन में चंद्रभागा नदी के संगम पर तट स्थल पर भगवान सूर्यदेव की कठिन तपस्या की। भगवान सूर्य को वैद्य माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान सूर्य की उपासना करने से सभी रोगों से मुक्ति मिल जाती है। अतः साम्ब ने भी सूर्यदेव की कठिन भक्ति कर उन्हें प्रसन्न किया। उस समय भगवान सूर्यदेव ने प्रसन्न होकर साम्ब को ठीक कर दिया था। तदोउपरांत, साम्ब ने कोणार्क में सूर्यदेव का मंदिर निर्माण करने का तय किया। ऐसा कहा जाता है कि जब साम्ब चंद्रभागा नदी में स्नान कर रहे थे, तो उन्हें सूर्यदेव की एक मूर्ति मिली, जिसका निर्माण वास्तु विशेषज्ञ देवता विश्वकर्मा जी ने किया था। कालांतर में मित्रवन में साम्ब ने सूर्यदेव की भक्ति में सूर्य मंदिर का निर्माण किया।*

---

**कविता**

## मानवता





आलोक गौतम, एसीपी,
वैशाली नगर जयपुर

'धन्यवाद' सभी जन को,
जो जीत में भागीदार बने।
'हृदयांश' के जीवन संघर्ष में,
जो पैसों की दीवार बने।।
17 करोड़ के असंभव से,
लक्ष्य को पूरा कर डाला।

मृत्यु के मुख से छीन,
'हृदयांश' को जीवन दे डाला।।
कदम से कदम मिलाकर सबने,
इतिहास नया रच डाला है।
मानवता अब भी जिंदा है,
वाक्य को सच कर डाला है।।
दान पुण्य और दुआ धर्म से,
सपने सच होते ही हैं।
मदद आप जब करते हो तो,
सबके दुख हरते ही है।।
आओ आज फिर प्रण करें,
हर दुख में साथ लड़ेंगे हम।
जो डूब रहा है अंधकार में,
उसके जीवन में 'आलोक'
भरेंगे हम।।

---

**शब्दों की सीख**

# संपदा का संकल्प

**अपने बीमार पिता को भाई की तरह अकेला छोड़ने के बजाय एक विवाहित बेटी ने संतान होने का फर्ज निभाने के लिए एक ऐसा कदम उठाया कि...**



प्रीतम लखवाल
इंदौर

उस दिन संपदा बहुत उदास थी। उसके मन-मस्तिष्क में तूफान मचा हुआ था। उसे सूझ नहीं रहा था कि वह क्या करे। क्योंकि वो अपने ससुराल में थी और उसके बाबूजी कई दिनों से बीमार थे। शारीरिक रूप से कमजोर भी हो चले थे। बार-बार उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया जाता था, जहां उनकी देखरेख नर्सों के जिम्मे रहती। संपदा इन हालातों से वाकिफ थी। वह खोई-खोई रहती और हमेशा निर्वात में देखा करती। कभी-कभी आंखें नम होने के कारण उसकी दृष्टि भी धुंधली हो जाती। उसके बाबूजी संपत राय जी सरकारी महकमे में काबिल कर्मचारी थे। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपनी बेटी संपदा का विवाह कर अपनी जिम्मदारी पूरी कर दी। उनका बेटा भी नौकरी की तलाश में था। वह इसमें सफल भी हो गया और अपने गांव से दूर बड़े शहर में सेटल हो गया। उसे नामी तकनीकी संस्थान में जॉब जो मिल गई थी।

चूंकि संपत राय पुराने मातहत थे तो उनकी पेंशन भी अधिक नहीं बन पाई थी। भविष्य निधि की संचित राशि से उन्होंने बेटे और बेटी के हाथ पीले कर दिए थे। संपदा को परेशान देखकर उसकी सास ने पूछा तो संपदा ने वजह बताई। उसकी सास बोली- हम क्या कर सकते हैं? संपदा ने कहा- मैं बाबूजी को अपने पास रखना चाहती हूं। उसकी सास बोली-यह कैसे संभव होगा? संपदा ने दृढ़ निश्चय से अपना संकल्प बताया- कोई कुछ भी कहे मैं बाबूजी को इस हाल में अकेला नहीं छोड़ सकती। आखिर उन्होंने मुझे बेटे की तरह पाला है। उसकी ननद श्रुति ने कहा-मां भाभी ठीक कह रही है। यह सुनते ही संपदा की सास की आंखों से धारा फूट पड़ी और उन्हें उसका संकल्प साकार होता दिखा।

# बहू, मेरी बेटी

**एक लड़की, जिसने ससुराल में आने के बाद अपने व्यवहार से बहू की परिभाषा ही बदल दी। उसने इतनी सेवा की कि ससुर उसे बेटी समझने लगे...**

अरे यादव सर! आप चार-पांच दिनों से दिख नहीं रहे थे? ऐसी कौन सी नाराजगी है? तनिक ठहरो तो। अरे माथुर साहब आपसे क्या, किसी से नाराज होने वाली कोई बात ही नहीं। सुबह-सुबह आप लोगों से मिलना जुलना, हंसी-मजाक, सुबह उगते हुए सूरज को देखना, प्रकृति का आनंद लेना, यह दिन भर की ताजगी देता है। ऐसी ताजगी को भला कोई कैसे छोड़ सकता है।

सेवानिवृत्ति के बाद यही तो बचा है, वरना काम करते-करते उम्र गुजर चुकी है। यह बता नहीं सकते। सुबह-सुबह का घूमना। आप लोगों से मिलना। ऐसा नेक काम भला मैं क्यों छोड़ सकता हूं?

मौसम के तेवर तथा मेरी बीमारी और बुढ़ापे को देखते हुए मेरी बहू सुशीला ने मुझे तीन-चार दिन तक सुबह मॉर्निंग वॉक पर आने नहीं दिया। वह मेरे स्वास्थ्य का ख्याल रखती। मेरी दवाई कब किस वक्त लेना, इसकी जिम्मेदारी उसने उठा रखी है। वह बहू नहीं, बेटी की तरह है। मेरी पत्नी को भगवान के घर गए 6 साल हो गए।

बीमारी के बाद मेरी सभी दवाइयों का ख्याल बहू रखती है। यह बहू नहीं, बेटी है परिवार का ध्यान रखने वाली बड़ी बेटी। इस वज़ह से मेरी आज हालत अच्छी है वरना...। कुछ परिवारों के माता-पिता वृद्ध आश्रम में हैं। मैं बड़ा खुशनसीब हूं। परिवार में अपनी बहू बेटे, पोते-पोतियों के साथ सुकून से रह रहा हूं।




प्रकाश हेमावत
रतलाम, मध्य प्रदेश

---

**पुस्तक समीक्षा**

# अनंग अवतार में चार्वाक : मनुष्य के महत्वाकांक्षी होने की कथा

एक ऐसी स्त्री, जो जिद्दी है। बिंदास है। खिलंदड़े स्वाभाव और प्रयोगवादी सोच की है। हरप्रीत नाम की स्त्री वह सब कर लेना चाहती है जो समान्य स्त्री सोचने से भी कतरा सकती है। यह स्त्री है वरिष्ठ साहित्यकार, पेशे से पत्रकार प्रमोद भार्गव के उपन्यास 'अनंग अवतार में चार्वाक' की नायिका। उपन्यास में कहानी की शुरुआत अतीत से होती है। जहां पत्नी के प्रेमियों से लिए गए कर्जे को लौटा न पाने का दंश लिए बलवंत कोने में सिमटा बैठा है। जो उसके मित्र थे, वे सब बोल-कुबोल कहते जा रहे हैं। हरप्रीत और बलवंत ने लवमैरिज की होती है। हरप्रीत माध्यमिक विद्यालय की टीचर है। पति बलबंत स्टांप विक्रेता है। धीमी गति से चलते हुए जीवन में बलवंत को उड़ने का शौक लग जाता है। पत्नी को वह सब करने के लिए बलवंत मौन आग्रह करने लगता है, जिससे उसके जीवन में भौतिक वस्तुओं की आमद बढ़ने लगती है। वे दोनों ये भूल जाते हैं कि अपने पास काबिलयत न होने के बावजूद अगर कोई उच्चता को प्राप्त हो रहा है तो वह एक प्रकार के नशे का आदी होता जा रहा है। हरप्रीत बेबाक और बिंदास है। अपने हासिल नरक का जिम्मेदार वह पति को भी नहीं ठहराती है। स्त्री का ये जज्बा रेखांकित करने योग्य है। उपन्यास में निहित जीवन के यथार्थ और चार्वाक के दर्शन को ठीक से समझा जा सकता है कि जब तक जीवन है, सुखों का उपभोग कर लेना चाहिए कि प्रवृत्ति में पड़कर एक हंसता खेलता परिवार कैसे अपने जीवन को मिट्टी में मिलाने की कगार तक जा पहुंचता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि ज्यादा पा लेने की लालसा पुरुष के मन में धधक कर होली में परिवर्तित होती है, पर भस्म स्त्री को होना पड़ता है। उपन्यास की भाषा रोचक और यथार्थ के बहुत करीब है। भार्गव जी चाहते तो इस कृति को अन्योक्ति उदाहरणों से बोझिल भी बना सकते थे, लेकिन उन्होंने जो बहुत ज़रूरी था, वही लिखा।




*पुस्तक : अनंग अवतार में चार्वाक*
*लेखक: प्रमोद भार्गव*
*प्रकाशक: विकल्प प्रकाशन, दिल्ली*
*मूल्य: ₹400/*
*समीक्षक: कल्पना मनोरमा, नई दिल्ली*

कर्नाटक में यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा नेता के दावे से फिर गरमाई सियासत: कांग्रेस नेता ने आरोप किए खारिज

# 100 करोड़ की पेशकश की गई थी: देवराजे, केस दर्ज कराएं: शिवकुमार

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भाजपा नेता एवं वकील जी. देवराजे गौड़ा के के इस आरोप के बाद कर्नाटक की सियासत फिर गरमा गई है कि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी और पीएम मोदी की छवि खराब करने के लिए 100 करोड़ रुपए देने की पेशकश की थी। वहीं, शिवकुमार ने इन आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि देवराजे गौड़ा को लोकायुक्त या किसी और एजेंसी के समक्ष मामला दर्ज करवाना चाहिए।



देवराजे ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि शिवकुमार और चार अन्य मंत्री हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो वाली पेन ड्राइव के प्रसार में कथित तौर पर शामिल थे। देवराजे गौड़ा को यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया गया था और इस समय वह हिरासत में हैं। देवराजे गौड़ा ने दावा किया, मेरे पास शिवकुमार की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि यौन उत्पीड़न के वीडियो वाली पेन ड्राइव जारी करने के पीछे शिवकुमार का हाथ था।

### मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं देवराजे- शिवकुमार



शिवकुमार ने कहा कि भाजपा नेता के सभी आरोप आधारहीन हैं। शिवकुमार के अनुसार देवराजे गौड़ा मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं और भाजपा को जल्द से जल्द उनका इलाज करवाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार उन महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनका यौन शोषण किया गया।

### कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे का गौड़ा पर निशाना



उधर मंत्री प्रियांक खरगे का कहना है कि देवराजे गौड़ा द्वारा शिवकुमार और सिद्धारमैया को बदनाम करने के लिए ऐसा बयान दिया गया है। खरगे ने कहाअगर गौड़ा के पास 100 करोड़ रुपए की पेशकश थी, तो उन्हें गृहमंत्री अमित शाह को इस बारे में बताना चाहिए था और इसकी जांच करानी चाहिए थी।

### पोते के खिलाफ कार्रवाई पर आपत्ति नहीं: देवेगौड़ा

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगाए गए यौन शोषण के आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर प्रज्वल के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि उनके बेटे, जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले झूठे हैं। एचडी रेवन्ना पर एक महिला से यौन उत्पीड़न और अपहरण का आरोप है। मामला अदालत में विचाराधीन होने के कारण उन्होंने आगे कोई टिप्पणी करने से परहेज किया। देवेगौड़ा ने पत्रकारों से कहा, यौन शोषण के इन मामलों से कई लोग जुड़े हुए हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रज्वल के खिलाफ कार्रवाई करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन लोगों को एचडी रेवन्ना के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में तथ्य पता चल गए हैं कि मामला कैसे बनाया गया है। एक मामले में उन्हें जमानत दी गई है, और दूसरे मामले में फैसला परसों आने की उम्मीद है।

---

## प्रधानमंत्री मोदी अल्पसंख्यकों के हितैषी: शाहनवाज



**पटना**। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने दावा किया कि 18वीं लोकसभा चुनाव बाद देश में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। पूरे देश में मोदी की लहर नहीं बल्कि, सुनामी चल पड़ी है।

शाहनवाज ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को नरेन्द्र मोदी को वोट देकर प्रधानमंत्री बनाने के मिशन पर काम करना चाहिए। अल्पसंख्यक समाज डूबते नाव की सवारी करना बंद करे। शाहनवाज ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को अब तक बहकाया और ठगा गया है। मोदी अल्पसंख्यकों के भाईजान हैं, अल्पसंख्यक समाज के सबसे बड़े हितैषी। मोदी सरकार में किसी से भी कोई भेदभाव नहीं हुआ, आगे भी नहीं होगा। पांचवें चरण की मतदान के लिए प्रचार का समय खत्म होने से पूर्व सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिर से प्रधानमंत्री बनना देश हित में है।

## अंसारी, मनमोहन, आडवाणी ने किया घर से मतदान

**नई दिल्ली**। पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने घरेलू मतदान सुविधा का उपयोग करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने गुरुवार को अपना वोट डाला। पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने शनिवार को मतदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ उनकी पत्नी गुरुशरण कौर ने भी घर से मतदान किया।

पीएम ने दो रैलियों से आधा हरियाणा नापा, इंडिया गठबंधन पर बरसे

# कांग्रेस हटाना चाहती है अनुच्छेद 370, ऐसा हो नहीं पाएगा: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के लिए तेज होते सियासी घमासान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के गोहाना और अंबाला में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इन रैलियों के माध्यम से प्रधानमंत्री पांच लोकसभा क्षेत्रों यानी 45 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए एकजुटता का पाठ पढ़ाया।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटाना चाहती है, लेकिन ऐसा हो नहीं पाएगा। यह उनकी "धाकड़" सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब




विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जब मुकाबला सत्य और असत्य के बीच में हो तो विजय सत्य की ही होती है। 2024 के कुरुक्षेत्र में आज एक ओर देश का विकास है, दूसरी ओर वोट जिहाद है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है, इसलिए पूरी तरह बौखला रही है। इन्हें वो पुराने दिन याद आ रहे हैं, जब शाही परिवार रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाता था। सारी योजनाएं एक ही परिवार के नाम पर होती थीं। योजनाओं के नाम पर देश का पैसा भ्रष्ट लोगों की तिजोरियों में जाता था, लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले होते थे।

### मोदी के फैसलों से फट रहा है इंडी गठबंधन का कलेजा

पीएम मोदी ने कहा कि सीमा पर हमारे हरियाणा के जो छोरे खड़े हैं, मोदी ने उनको खुली छूट दे दी। अब गोलियां गिनने की जरूरत नहीं है। नतीजा अब आपके सामने है। मोदी के इन फैसलों से कांग्रेस और इंडी गठबंधन का कलेजा फट रहा है। उनसे पाकिस्तान की हालत देखी नहीं जा रही हहै। अब कांग्रेस कह रही है, पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, भारत को पाकिस्तान से डरना चाहिए। आप बताइये, हमें डरना चाहिए क्या? अरे, ये मोदी का दौर है। हम घर में घुसकर मारते हैं। कांग्रेस सारे पैतरे केवल तुष्टीकरण के लिए चला रही है। इन्होंने जो घोषणा पत्र बनाया है वो पूरा मुस्लिम लीग वाला घोषणा पत्र है।

### दुश्मन वही है, हालात बदले कि नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय रोज सीमा पर फायरिंग होती थी। गिनती होती थी सीजफायर कितनी बार तोड़ा। दुश्मन वही है, हालात बदले कि नहीं। किसने हालात बदले, ये मोदी ने नहीं आपके एक वोट ने किया है। ये आपके वोट की ताकत है कि दुश्मन के बम को भी ताले लग जाते हैं।

### पाकिस्तान के हाथों में भीख का कटोरा है

प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। मोदी ने कहा, जब धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन घबरा जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि नाम बदलने से अ सलियत नहीं बदलती है। ये इंडी गठबंधन वाले, वही भ्रष्टाचारी और घोटालेबाजों की जमात हैं। इन्हें किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए। कीमत है... देश की सुरक्षा, देश की स्थिरता, देश का सम्मान और पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वालों सुन लो, अब कश्मीर में केवल हमारा तिरंगा लहराएगा। कांग्रेस वालों लिख लो, ये मोदी है, अनुच्छेद 370 को वापस लाने के सपने को छोड़ दो। कोशिश करोगे, तो लेने के देने पड़ जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की चुनावी रैली में कांग्रेस पर कसा तंज...

# कांग्रेस में 4 सीटों पर चुनाव लड़ने की भी ताकत नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा में कांग्रेस और इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया)पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश को एक मजबूत सरकार की जरूरत है। 2024 का ये चुनाव भारत को टॉप तीन अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इस देश की सेवा के लिए चुना गया। कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही है।



कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है।

पीएम मोदी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में जनसभा में कहा कि 2024 का ये चुनाव भारत की अर्थव्यवस्था उन ताकतों से बचाने के लिए है जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहते हैं। 2024 का ये चुनाव भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए हैं। भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टीकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है।

### आप लोग ही मेरा परिवार

पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। उन्होंने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा। यह चुनाव मजबूत भारत बनाने के लिए है।

पांचवें चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

# राहुल व राजनाथ समेत कई दिग्गजों का भाग्य होगा तय



**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें दौर का चुनाव प्रचार शनिवार को थम गया। इस चरण में आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों के लिए 20 मई को मतदान होगा। इन प्रदेशों से 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई दिग्गज नेता शामिल हैं।

पांचवें चरण में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां 2019 में कुल 62.01% मतदान दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा 80.13% मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं 34.6% वोटिंग के साथ जम्मू-कश्मीर इस सूची में सबसे नीचे था। पांचवें चरण का मतदान पूरा होते ही देश की 543 लोकसभा सीटों में से 428 सीटों पर मतदान संपन्न हो जाएगा।

### इन राज्यों में होगा मतदान

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 14 |
| महाराष्ट्र | 13 |
| पश्चिम बंगाल | 7 |
| बिहार | 5 |
| ओडिशा | 5 |
| झारखंड | 3 |
| जम्मू-कश्मीर | 1 |
| लद्दाख | 1 |

### रायबरेली पर टिकी हैं सबकी नजर

सबसे दिलचस्प चुनाव रायबरेली में देखने को मिल रहा है जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह चुनौती दे रहे हैं। साल 2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी में बीजेपी की स्मृति ईरानी से हार गए। इस बार वह अपनी मां सोनिया गांधी के राज्यसभा के लिए नियुक्त होने के बाद कांग्रेस की एक और पारंपरिक सीट रायबरेली चले गए हैं। उनकी बहन और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा राहुल के समर्थन में बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का मुकाबला गांधी परिवार की करीबी और कांग्रेस उम्मीदवार से है किशोरी लाल शर्मा से है। स्मृति ईरानी ने 2019 के आम चुनावों में इस सीट से राहुल को हराया था।

## भाजपा 200 का आंकड़ा नहीं कर पाएगी पार: ममता

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा और केंद्र में सत्ता में आएगा। उनका दावा है कि भाजपा इस बार 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस और सीपीएम पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए राज्य में भाजपा के साथ दोनों पार्टियों ने सांठ-गांठ कर लिया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे टीएमसी के अलावा किसी और को वोट न दें क्योंकि इससे सिर्फ भाजपा को ही फायदा होगा।

अधीर रंजन चौधरी व ममता की तकरार पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिखाए तेवर

# फैसला हम करते हैं, अधीर नहीं... कोई नहीं मानता है तो बाहर जाएगा:खरगे

**एजेंसी** | कोलकाता/मुंबई

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और राज्य की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी में जारी तकरार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कर दिया है कि पार्टी है कि पार्टी ममता बनर्जी के साथ है। अधीर रंजन चौधरी और ममता बनर्जी के बीच नई तकरार ममता के हाल के इस बयान के बाद शुरू हुई कि वह विपक्षी गठबंधन इंडिया केंद्र में सत्ता में आता है तो बाहर से समर्थन करेंगी। इसके

बाद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वे ज्यादा



सीटें जीतने पर चुनाव के बाद भाजपा के साथ जा सकती हैं। दोनों नेताओं के बीच इस बयानबाजी के बाद खरगे ने शनिवार को मुंबई में संवाददाताओं के साथ बातचीत के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि अधीर रंजन चौधरी फैसला लेने वाले नहीं हैं. फैसला हम लेते हैं। खरगे विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। खरगे ने कहा कि पहले तो ममता बनर्जी ने कहा कि वे बाहर से समर्थन करेंगी। बहुत सी पार्टियां ऐसा करती हैं। हाल ही में उनका एक और बयान आया है कि अगर सरकार बनती है तो वे सत्ता में शामिल हो जाएंगी। ममता बनर्जी गठबंधन के साथ हैं, ये स्पष्ट है। अधीर रंजन चौधरी निर्णय लेने वाले नहीं हैं. निर्णय लेने वाले हम हैं, कांग्रेस पार्टी है, हाईकमान है। हम जो तय करेंगे, उन्हें फॉलो करना होगा, अगर कोई फॉलो नहीं करता है तो वो बाहर जाएगा।

### अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग गठबंधन

खरगे ने कहा, अलग-अलग राज्यों में अलग गठबंधन हैं। दिल्ली में सिर्फ 3 सीटों पर हमारा गठबंधन है, लेकिन हम पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं और वहां लड़ते रहेंगे। ये लोकतंत्र है, निरंकुशता नहीं है। भाजपा को हराने के लिए जो भी करना होगा हम करेंगे।

### खरगे ने पीएम पर लगाया लोगों को भड़काने- समाज को बांटने का आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपने चुनावी भाषणों के जरिए लोगों को भड़काने और समाज को विभाजित करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी के बयान कि कांग्रेस सत्ता में आने पर अयोध्या स्थित राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगी और अनुच्छेद 370 को भी बहाल कर देगी, इस संबंध में सवाल किए जाने पर खरगे ने कहा कि हमने कभी किसी पर बुलडोजर नहीं चलाया। मोदी को उन चीजों को लेकर झूठ बोलने और लोगों को भड़काने की आदत है जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी या जिन चीजों को लागू करना असंभव है। उन्होंने कहा कि हमने खाद्य सुरक्षा कानून पेश किया, लेकिन मुफ्त राशन आपूर्ति का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी ले रहे हैं।

### मैं कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य हूं: अधीर

अधीर रंजन ने कहा, मैं भी कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य हूं। मैं भी हाईकमान हूं। अब देखना है कि अधीर का बयान जानने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष और आलाकमान कोई कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही भाजपा सरकार

खरगे ने कहा कि मेरा यही कहना है कि विश्वासघात की राजनीति हो रही है। विपक्ष को तोड़ा जा रहा है। असली दलों से उनका पार्टी निशान छीना जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को डराया जा रहा है, उन्हें तोड़ा जा रहा है। खरगे ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ लोकतंत्र की बातें करते हैं, लेकिन कभी लोकतंत्र के हिसाब से नहीं चलते। नरेंद्र मोदी की 'तोड़-फोड़' नीति का महाराष्ट्र एक अकेला उदाहरण नहीं हैं।

## जरूरी खबर

### UPSC: अभ्यर्थियों को 3000 रुपए दे मणिपुर सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक दुर्लभ आदेश में मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वह 26 मई को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने हिंसा प्रभावित पहाड़ी जिलों से राज्य से बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों को प्रति दिन की दर से 3,000 रुपए का भुगतान करे। ताकि ऐसे उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के बाहर यात्रा कर सकें। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के पहाड़ी जिलों के सिविल सेवा अभ्यर्थियों की शिकायतों पर गौर किया। इन अभ्यर्थियों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्रों का विकल्प चुना है। पीठ 140 छात्रों की ओर से मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्र स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### भारतीय मसालों पर नेपाल ने भी लगाया बैन




**नई दिल्ली।** सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब नेपाल ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों को बैन कर दिया है। ये दोनों भारतीय ब्रांड एक कीटनाशक के इस्तेमाल को लेकर विवादों में हैं. इससे भारत के मसाला निर्यात में गिरावट की आशंका भी है। एमडीएच और एवरेस्ट के मसाले दुनिया भर में निर्यात किए जाते हैं. लेकिन कुछ हफ्तों पहले रिपोर्ट आईं कि इनके कुछ उत्पादों में एथीलीन ऑक्साइड नाम का कीटनाशक मौजूद है। नेपाल के फूड टेक्नोलोजी और क्वालिटी कंट्रोल विभाग की प्रमुख मतीना जोशी वैद्य ने बताया कि चार भारतीय मसालों पर रोक लगाई गई है।

### राजभवन छेड़छाड़ मामले में तीन कर्मियों पर FIR

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने राजभवन छेड़छाड़ मामले में तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। तीनों एसएस राजपूत, कुसमु छेत्री और संतलाल राजभवन के कर्मचारी थे। इन पर आईपीसी की धारा 341 और धारा 166 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। राजभवन में कार्यरत संविदा कर्मचारी ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे स्टाफ सदस्यों ने हिरासत में लिया था। उस पर चुप रहने के लिए दबाव डाला गया था। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता का बयान धारा 166 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज करा चुकी है।

## प्रशिक्षण पूरा...गरुड़ कमांडो को मिले बैज




*नई दिल्ली। वायु सेना के विशेष बल 'गरुड़' कमांडो के सफल प्रशिक्षण के समापन पर शनिवार को नई दिल्ली के चांदीनगर स्थित वायुसेना स्टेशन में गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केंद्र (जीआरटीसी) पर मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड आयोजित की गई थी। पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी एयर मार्शल पीके वोहरा ने इस परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सफल गरुड़ प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सस टैब प्रदान किए।*

### नीट के नतीजों पर रोक से SC ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम जारी करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। दरअसल, शीर्ष कोर्ट में दायर एक याचिका में इस साल प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा दोबारा आयोजित कराने की मांग की गई है। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह अखिल भारतीय परीक्षा को नहीं रोक सकती। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, हम यह मामला ग्रीष्मावकाश के बाद देखेंगे। याचिका वंशिका यादव की तरफ से दायर की गई है।

## बिभव की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर बरसे केजरीवाल

# जेल का खेल न खेलें... हम आ रहे हैं BJP ऑफिस...करें अरेस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी से सियासी माहौल गरमा गया है। केजरीवाल ने भाजपा पर आप नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के सभी नेताओं को जेल भेजने की चुनौती दी है।



केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि ये रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए। मैं रविवार दोपहर 12 बजे आप के सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। इसके बाद सबको जेल में डाल दो। भाजपा की साजिश पूरा देश देख रहा है। आप के नेताओं के पीछे पड़े हैं। पहले मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा और अब मुख्यमंत्री के पीए को जेल में डाल दिया है।

केजरीवाल ने शनिवार को बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने के बाद प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालेंगे। ये लोग सरकारी स्कूल नहीं बना सकते। इसलिए ये लोग दिल्ली में सरकारी स्कूल बनने रोकना चाहते हैं

### स्कूल बनवाए, मोहल्ला क्लिनिक खोले इसकी सजा मिल रही है

उन्होंने कहा कि'आप' का कसूर सिर्फ इतना है कि दिल्ली में स्कूल बनवाए, अस्पताल व मोहल्ला क्लीनिक बनाकर मुफ्त इलाज दिया, 24 घंटे और मुफ्त बिजली दी, जो ये नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गलतफहमी में हैं कि वो नेताओं को जेल में डालकर आप को कुचल देंगे। ऐसे तो आम आदमी पार्टी खत्म नहीं होने वाली है।

### आम आदमी पार्टी एक विचार, यह लोगों के दिल में चला गया

केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि आप जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हैं, आप जेल में डाल दो। आप एक बार सभी नेताओं को जेल में डाल कर देख लो। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो पूरे देश के अंदर लोगों के दिल में चला गया है। आप आम आदमी पार्टी के जितने नेताओं को जेल में डालोगो, उससे सौ गुना नेता यह देश पैदा करेगा।

# गिरफ्तार हुए बिभव, नहीं मिली अग्रिम जमानत

एजेंसी | नई दिल्ली

स्वाति मालीवाल से कथित मारपीट मामले में सीएम केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में खारिज कर दिया है। सुनवाई के दौरान एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट को बताया बिभव कुमार गिरफ्तार हो चुके हैं। लिहाजा, कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका निष्प्रभावी हो गई है। बाद में तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की हिरासत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। शनिवार रात हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने अदालत से 7 दिन के लिए बिभव की हिरासत मांगी थी। इससे पहले दिल्ली पुलिस की एक टीम शनिवार दोपहर बिभव कुमार को पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से सिविल लाइंस थाने लेकर गई थी, जहां उन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।



### गिरफ्तारी से पहले भेजा था एक मेल

बिभव ने अपनी गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस को एक मेल भेजा था। जिसमें उन्होंने कहा कि वह जांच में पहले से ही सहयोग कर रहे हैं, जबकि उन्हें पुलिस से कोई नोटिस नहीं मिला है। मामले के जांच अधिकारी द्वारा जब भी मुझे बुलाया जाता है, मैं जांच में शामिल होने के लिये तैयार हूं। बिभव ने इस मेल में मालीवाल के खिलाफ अपनी ओर से की गयी शिकायत का भी उल्लेख किया।

### अग्रिम याचिका खारिज होना सोची समझी साजिश: आतिशी

आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर भाजपा और दिल्ली पुलिस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि यह एक सोची समझी साजिश के तहत बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कराया गया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा बिभव को हिरासत में लिए जाने के बाद तीस हजारी कोर्ट में उनके लिए अग्रिम जमानत याचिका डाली गई। तीन बजकर 55 मिनट पर कोर्ट में बिभव की अग्रिम जमानत याचिका पर बहस शुरू हुई। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने चार बजकर 15 मिनट पर बिभव कुमार की गिरफ्तारी दिखा दी। इसके बाद कोर्ट ने चार बज कर 45 मिनट पर इस याचिका को खारिज कर दिया

## दिल्ली में पारा 47 डिग्री के पार

# उत्तर-पश्चिम भारत में प्रचंड गर्मी

■ पांच दिन तक भीषण लू का अलर्ट जारी



एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम भारत प्रचंड गर्मी की चपेट में है। अधिकांश क्षेत्रों में आसमान से झुलसा देने वाली आग बरस रही है। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक रहा। हरियाणा के सिरसा में भी पारा 47.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्लीवासियों को अगले छह दिनों तक गर्मी से किसी प्रकार की राहत नहीं मिलने वाली है। 23 और 24 मई को भी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाके और पूर्वी व मध्य भारत में अगले पांच दिन भीषण लू का अलर्ट जारी किया है। इसके उलट, दक्षिण भारत के अधिकांश इलाकों में 23 मई तक आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान में 19 जगह, हरियाणा में 18, दिल्ली में आठ और पंजाब में दो जगह पारा 45 डिग्री को पार कर गया है।

### आज अंडमान पहुंचेगा मानसून, होगी बारिश

इस भीषण गर्मी के बीच अंडमान और निकोबार में मानसून रविवार को पहुंचने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 23 मई तक भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है और 19-21 मई के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है। इससे जबरदस्त बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण आंतरिक तमिलनाडु और आसपास के निचले और मध्य-क्षोभमंडल स्तर पर स्थित है। 18 और 19 मई को कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, मध्य प्रदेश में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## सेना का नवाचार... शक्ति अपार

# दुश्मन के टैंक तबाह करेंगी ट्रैक्टर पर लगी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

एजेंसी | नई दिल्ली

कहा जाता है आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस अवधारणा के आधार पर जरूरत के अनुसार नवाचार होते हैं। ऐसे नवाचारों की कड़ी में भारतीय सेना ने एक और नवाचार जोड़ा है। यह है एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) से लैस ट्रैक्टर। सेना ने अपना यह नवाचार राजस्थान और पंजाब से लगी पाकिस्तानी सीमा और वहां की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए किया है। हालांकि यह बात आश्चर्यजनक लगती है कि खेत जोतने के काम आने वाला एक वाहन एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल से कैसे लैस हो सकता है। पर सेना ने अपने इस नवाचार को नाम दिया है इंप्रोवाइज्ड ट्रैक्टर माउंटेड एटीजीएम।



सूत्रों के अनुसार ट्रैक्टर 9M113 कोंकुर्स ATGM लॉन्चर और अतिरिक्त मिसाइलों से लैस है। यह लॉन्चर 40 मीटर से चार किमी तक की दूरी पर खड़े दुश्मन के टैंक को नष्ट कर सकता है। सूत्र बताते हैं कि भारतीय सेना में ऐसे नवाचार बेहद आम हैं। आम बोलचाल में इन्हें 'जुगाड़' कहा जाता है। वह बताते हैं कि ये जुगाड़ पंजाब और राजस्थान सीमा पर ये बेहद काम के हैं। इससे पहले भी भारतीय सेना ने ट्रैक्टर माउंटेड एटीजीएम बनाया था। लेकिन उसमें कुछ खामियां थीं, जो इस बार संभवतया दूर कर ली गई हैं। हाल ही में सेना की पश्चिमी कमान ने कुछ फोटोग्राफ्स अपने एक्स सोशल मीडिया पर साझा की थी। उनमें से एक फोटो थी ट्रैक्टर पर लगीं एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल्स की थी। इसके बाद ही यह बात सामने आई। खड़ग कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिग (जीओसी ) ने जेसोर ब्रिगेड का दौरा किया। जेसोर ब्रिगेड इन दिनों पंजाब में तैनात है। वहां वहां ब्रिगेड ने अपने कुछ खास इनोवेशंस की जानकारी जीओसी को दीं।

### मॉडिफिकेशन की लागत भी है कम

सूत्र बताते हैं कि इसकी मॉडिफिकेशन कॉस्ट भी बहुत ज्यादा पड़ती है और बहुत कुछ करना भी नहीं पड़ता है। इसकी लागत भी तकरीबन 6000 रुपए के आसपास ही पड़ती है। इससे पहले भी सेना की दक्षिण पश्चिम कमान ने मई 2023 में रेगिस्तानी इलाके का एक फोटो शेयर किया था, जिसमें जॉन डीरे कंपनी के ट्रैक्टर पर एटीजीएम लॉन्चर लगे हुए थे। वहीं पास में एक रॉयल एनफील्ड बुलेट भी खड़ी थी, जिसमें एटीजीएम लॉन्चर लदे हुए थे।

### रेगिस्तान में एटीवी का विकल्प हैं ट्रैक्टर

वहीं ट्रैक्टर पर एटीजीएम लॉन्चर लगाने की वजह बताते हुए सैन्य सूत्र कहते हैं कि राजस्थान और पंजाब का अधिकांश इलाका पाकिस्तान से सटा है। जहां राजस्थान से सटी सीमा वाला ज्यादातर इलाका पूरा रेतीला है, तो वहीं पश्चिमी पंजाब में खेत पाक सीमा से सटे हुए हैं। राजस्थान में थार जैसे रेतीले इलाके में सेना की गाड़ियां चलाने में काफी दिक्कत आती है। उनके रेत में फंसने का खतरा रहता है। ऐसे इलाकों में एटीवी यानी ऑल टैरेन व्हीकल्स ज्यादा कामयाब हैं। लेकिन वे महंगे होती हैं। वहीं ट्रैक्टर पर एटीजीएम लॉन्चर लगाने से ज्यादा स्पष्ट विजन मिलता है और सामने टैंक को आसानी से निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा ट्रैक्टर के पिछले पहिए बड़े होते हैं, जिससे उसके रेत में फंसने के चांस बेहद कम होते हैं। लागत तकरीबन 6000 रुपये के आसपास है।




### हेलिकॉप्टर का मॉडल गायब होने से इनकार

रक्षा मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज कर दिया कि 2020 में रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा लगाया गया चिनूक हेलिकॉप्टर का एक मॉडल गायब हो गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने कहा कि डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलिकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया. उन्होंने बयान में कहा, डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊ में डीआरडीओ द्वारा लगाये गये चिनूक हेलिकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है।

## हेरिटेज किड्स फैशन शो सीजन-1 में शोकेस किया डिजाइनर कलेक्शन

# जूनियर मॉडल्स ने रैंप पर दर्शाया फैशन और नए ट्रेंड का फ्यूजन

**बेधड़क.जयपुर।** जूनियर मॉडल्स ने रैंप वॉक से फैशन और न्यू ट्रेंड का ऐसा तिलिस्म रचा कि हर कोई उसमें फंसता चला गया। उनका कॉन्फिडेंस प्रोफेशनल मॉडल्स से कम नहीं नहीं था। ये अनूठा नजारा था जयपुर में नारायण सिंह सर्कल स्थित इंद्रलोक ऑडिटोरियम में अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से किड्स डिजाइनर फैशन शो हेरिटेज किड्स फैशन शो सीजन-1 का। इस दौरान देश भर से आए 3 से 12 वर्ष के 100 से अधिक बच्चों ने पार्टिसिपेट किया।



### चैलेंज के लिए किया तैयार

आयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना और हर एक चैलेंज के लिए तैयार करना है। किड मॉडल व एक्टर आर्विक बैराठी ने बतौर ओपनर शो शुरू किया। चाइल्ड आर्टिस्ट व एक्टर मनन आसुदनी ने सेलिब्रिटी रनवे वॉक की। किड मॉडल भावी सोकल ने बॉलीवुड पैरोडी पर डांस परफॉर्मेंस दी। शो में बच्चों की मेकअप व स्टाइलिंग वेदरूप से आरती जैन टीम का रहा। बच्चों की ग्रूमिंग बुलबुल नायक ने की तो कोरियोग्राफी सोनाली कंवर की रही। मंच संचालन शुभम खंडेलवाल ने करते हुए जूनियर मॉडल्स को कॉन्फिडेंस दिलाया।

### नेशनल-इंटरनेशनल मॉडल्स शामिल

शो में जूरी के तौर पर मिस राजस्थान-2023 वैष्णवी शर्मा, मिस इंटरकांटिनेंटल-2023 व मिस राजस्थान रनरअप-2021 भावना वैष्णव मौजूद रहीं। चीफ गेस्ट में कास्टिंग डायरेक्टर समीर पहाड़िया, वीआईपी गेस्ट में विनायक क्रिएशन से संदीप कविता सोकल, सरस्वती प्रिंटिंग से बसंत बैराठी, वेदरूप सैलॉन से डॉ. आरती जैन और गेस्ट के तौर पर योगेश मिश्रा, गौरव योगी, रवि शर्मा उपस्थित रहे। प्रोग्राम के दौरान को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।



### ये किड मॉडल्स रहे शो का हिस्सा

शो में आहना, भूमि, देवांशी, याग्निका, हिमांश, मनन आसुदनी, हिमांशु, कोमल जैन, कुलांशु, काव्यांजलि, पार्थ, रेयांश, तक्षइत, विवान, अनायशा, भावी, दक्ष, नोमिका, नितिन, रोजी, श्रिया अजमेरा ने बतौर मॉडल पार्टिसिपेट किया।










## वीर क्षत्राणी हाड़ी रानी को नमन



**बेधड़क. जयपुर।** सोलह साल की बाल उम्र में हाड़ी रानी ने औरंगजेब के खिलाफ युद्ध के दौरान कर्तव्य निभाते हुए स्वयं का शीश काट लिया और राष्ट्र धर्म निभाया। ये बहुत ही प्रेरणादायक, साहस और बलिदान की अमर गाथा है, जो आज भी गूंजती है। कहना था जयपुर वैक्स म्यूजियम फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव का। उन्होंने बताया कि हाड़ी रानी के वैक्स का पुतला बनकर तैयार हो चुका है और उसके पीछे लगने वाले सेट तथा एक विशेष शो के डायलॉग, वॉयसओवर और म्यूजिक की रिकॉर्डिंग मुंबई में की जा रही है। जल्द ही पर्यटकों को हृदयविदारक कथा को विशेष लाइट एंड साउंड के साथ म्यूजियम में देखने को मिलेगा।

## मिस राजस्थान 2024 का आगाज



**बेधड़क. जयपुर।** फ्यूजन ग्रुप के ब्यूटी पेजेंट्स के 26वे संस्करण की शुरुआत होटल ग्रैंड सफारी में हुई। पहले दिन फैशन फोटो ग्राफर वासु जैन के फोटोजनिक राउंड के सब टाइटल खास थे। सेकंड सेशन में मेकअप एक्सपर्ट मीनाक्षी सोलंकी की वर्कशॉप से ग्रूमिंग मेकओवर व मेकअप के टिप्स मीनाक्षी द्वारा दिए गए। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान के 26वें संस्करण में इस बार 8 दिन के आयोजन होंगे और फिनाले वीक के आयोजनों में इंडिया की टॉप ग्रूमर और ट्रेनर गर्ल्स को ट्रेंड करेंगे।

## मेधावी छात्रा वेदेही का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** मेधावी छात्रा वेदेही शेखावत का स्वर्ण शक्ति संघ की ओर से सम्मान किया गया। संघ अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने संस्कार स्कूल की छात्रा का सम्मान करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। वेदेही ने 10वीं में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया है।

# City इवेंट्स

## कैंप में बच्चे जुड़ेंगे भारतीय संस्कृति से



**बेधड़क. जयपुर।** हरे कृष्ण मूवमेंट के वैदिक कल्चर कैंप में बच्चे कई एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट करेंगे। दो बैच के कैंप में 20 मई से 2 जून और 3 से 16 जून तक एक्टिविटीज होंगी। कैंप में कीर्तन, महामन्त्र जाप, स्टोरीज, थिएटर, आर्ट, क्राफ्ट, वैदिक कुकिंग, ड्राइंग, पेंटिंग, इंडियन म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट ट्रेनिंग, अबेकस और कत्थक डांस सीखेंगे। जूनियर केजी से 10वीं तक के बच्चे भाग लेंगे। हरे कृष्ण मूवमेंट के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरुप दास ने बताया कि 'हरे कृष्ण कल्चर कैंप'एक ऐसा जरिया है जिससे संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का मौका मिलता है। कैंप में रविवार को बच्चों के साथ उनके पेरेंट्स को शामिल हो सकेंगे। कल्चर कैंप में बच्चों को ब्रंच, स्नेकस और कैंप किट दिया जाएगा।

## 95% अंक लाने वाली गुरुशी का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** धानका समाज की ओर से 12वीं क्लास में 95 प्रतिशत अंक लाने वाली गुरुशी कायथ का सम्मान किया गया। उनके पिता राजन कायथ ने बताया कि बेटी हमेशा से पढ़ाई में होशियार थी। यही कारण है कि एकाग्रता से नियमित पढ़ाई करते हुए 95 प्रतिशत अंक लाने में सफल रही। गुरुशी ने अपनी सफलता का श्रेय पिता राजन कायथ को दिया। इस अवसर पर उनकी मां आरती कायथ का भी सम्मान किया गया। सम्मान के मौके पर महेंद्र निर्वाण, गोपाल लाल, केसर लाल कायथ, गंगा राम मावर, रोहित, नानक राम, चुन्नीलाल, महेन्द्र आदि मौजूद रहे। साथ ही दादा रमेश चंद कायथ और दादी कमलेश कायथ का भी सम्मान किया गया।

## इंटर्नशिप प्रोग्राम के प्रतिभागियों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** आकेड़ा डूंगर स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में शिल्पांजलि आर्ट फांउडेशन के आयोजित सात दिवसीय मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम का समापन हुआ। समारोह में पदमश्री राजेंद्र टिकु, शिल्पांजलि आर्ट फांउडेशन की एमडी अंजली पंडित, राजकुमार पंडित ने प्रतिभागियों को प्रशिस्त पत्र व नकद राशि देकर सम्मानित किया। प्रोग्राम में कला भवन, शांति निकेतन से जोआना नोगबरी मेघालय, आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर की गजल गुप्ता, दी महाराजा सयाजी राव यूनिवर्सिटी बड़ौदा के नागेश कानडे, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंकित सोमवंशी, कॉलेज ऑफ आर्ट दिल्ली के अमित कुमार को सम्मानित किया गया। इनके द्वारा तैयार किए गए डेमो को मेटल (धातु) में बनाकर दिल्ली रोड पर अचरोल में प्रस्तावित म्यूजियम में रखा जाएगा।

## सिंगिंग, डांसिंग और मॉडलिंग के ऑडिशन

# राजस्थान की डेढ़ सौ कला प्रतिभाओं ने दर्शाया दमखम



**बेधड़क | जयपुर**

सालो प्रोडक्शन हाउस ने वैशाली नगर स्थित मुकुल'स आर्ट अड्डा कैफे में मल्टी टैलेंट ओपन ऑडिशंस और इवेंट का आयोजन किया।

राजस्थान के विभिन्न शहरों से आए करीब 150 पार्टिसिपेंट्स ने मेंबर्स के सामने डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग और मॉडलिंग का टैलेंट दर्शाया और अगले राउंड के लिए दावेदारी की। चेयरमैन राम टेलर ने बताया कि गायन में युवक-युवतियों ने फिल्मी, नॉन फिल्मी, शास्त्रीय तराने प्रस्तुत कर सुरों पर पकड़ का अहसास कराया। वहीं, डांसिंग में हिप हॉप, क्लासिकल, वेस्टर्न, फिल्मी स्टेप्स पर डांस स्किल्स दर्शाई। मेल-फीमेल मॉडल्स ने कैटवॉक की और प्रश्नोत्तरी सेशन में जजेज से सवालों के जवाब दिए। ज्यूरी में इंडियाज गॉट टैलेंट फेम कोरियोग्राफर संजय ढाका, सीरियल्स डायरेक्टर एकलव्य सिंह, क्लासिकल सिंगर पंडित अमित भारती शामिल रहे। कार्यक्रम में न्यूमरोलॉजिस्ट राज विजय रामावत चीफ गेस्ट और इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन डायरेक्टर पवन टांक गेस्ट ऑफ ऑनर थे।

राइटर पूजा बर्मन और जीएसएस फिल्म प्रोडक्शन डायरेक्टर सुहान खान, प्राइड ऑफ इंटरनेशनल मॉडल डायरेक्टर देव जांगिड़ और सिंगर नवीन डीसी उपस्थित थे।

## श्रमण संस्कार शिविर में उत्साह का माहौल

# विदुषियां पढ़ा रहीं विद्यार्थियों को धर्म और संस्कार का पाठ



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी-ज्योतिनगर मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्थान संत सुधा सागर बालिका महाविद्यालय की निदेशिका डॉ. वंदना जैन, श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल की अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल और उपाध्यक्ष सुशीला छाबड़ा ने शनिवार को विद्यार्थियों से शिविर के बारे में जानकारी ली। संयोजक राजेंद्र ठोलिया व सुरेश शाह ने बताया कि मंदिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने सभी का स्वागत करते हुए शिविर में चल रही क्लासेज के बारे में बताया कि करीब 105 विद्यार्थी शिविर का लाभ ले रहे हैं ।

तीनों अतिथियों का बालिका महाविद्यालय की ट्रस्टी दीपिका जैन बिलाला सहित निकिता साखूनियां, प्रियंका बाकलीवाल, अनीता बिंदायक्या व सुलोचना पाटनी आदि ने तिलक माला दुपट्टा व साफा पहना कर सम्मान किया। इससे पूर्व विदुषियों द्वारा मंगल प्रार्थना के बाद दीप प्रज्वलन केसर देवी नवीन राकेश बाकलीवाल परिवार द्वारा किया गया। डॉ. वंदना जैन व शालिनी बाकलीवाल ने मुनि पुंगव सुधासागर के प्रेरक विचारों को बताते हुए शिविर की आवश्यकता व विदुषियों के कार्यों की जनकपुरी समाज द्वारा की गई प्रशंसा के बारे में बताया। साथ ही आचार्य विद्यासागर मुनिराज के जीवन पर लघु नाटिका के बारे में जानकारी दी।

**प्राकट्योत्सव** गोविंद देवजी मंदिर में मनाया राधा वल्लभ लाल का विवाहोत्सव

# यह नव दुल्हिनी अति सुकुमारी, ये नवदुला हुलाल बिहारी...

**बेधड़क | जयपुर**

गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में चल रहे तीन दिवसीय गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के 551वें प्राकट्योत्सव में राधा वल्लभ लाल का विवाहोत्सव मनाया गया। गाजे-बाजे के साथ चौगान स्टेडियम स्थित राधा सत्संग भवन से राधा वल्लभ लाल की बारात गोविंद देवजी मंदिर पहुंची। मुख्य द्वार पर दुल्हा स्वरुप राधा वल्लभ लाल ने तोरण मारा। स्वागत सत्कार की रस्मों के बाद विवाह की अन्य सभी रस्में निभाई गई। गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की मान्यतानुसार विवाहोत्सव का मंचन किया। वृंदावन से आए एक दर्जन से अधिक वैष्णव रसिकजनों ने विवाहोत्सव के सरस पदों का गायन किया तो उपस्थित श्रद्धालुगण अपने स्थान से उठकर नाचने लगे।



### नृत्य की जुगलंदी संग उछाल

बधाईगान और नृत्य की जुगलंदी के साथ उछाल की गई। विवाह के प्रसंगानुसार निकुंज के द्वार पर विवाह उत्सव की शोभा दर्शनीय है। जहां हितरूपी वंदनवार बंधी हुई है। निकुंज के प्रांगण में केशर से लेपन किया गया है। मोतियों से चौक पूरे गए हैं। सखियों ने मोतियों द्वारा तरह-तरह की रचनाओं से चौक को सुसज्जित किया किया। जब प्रिया-प्रियतम वर-वधू के रूप में वहां आए तब अपने रूप सौन्दर्य से सखियों की गति-मति का हरण कर लिया। गहरे लाल रंग की मेंहदी से उनके चरण और हस्त कमल शोभायमान हुए। श्री राधावल्लभ लाल के चरणों के नूपुर और कोटि की किकंणियों का मधुर स्वर तरह की रागों की सृष्टि कर रहा है।

### विवाहोत्सव रसिकजनों का प्राणाधर उत्सव

श्री राधावल्लभ संप्रदायाचार्य छोटी सरकार गोस्वामी प्रेम कुमार महाराज ने कहा कि प्रिया-प्रियतम का विवाहोत्सव रसिकजनों का प्राणाधर उत्सव है। श्रीहित समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश टांक, कमल मुकुट, किशोर कुमार, कैलाश चन्द, स्वामी हरिराम कौशिक, रमेश चंद्र, मोहित अग्रवाल, राजेंद्र टांक, विष्णु टांक, ललित मोहन ने छोटी सरकार गोस्वामी प्रेम कुमार, गोस्वामी हितेन्द्र कुमार महाराज व गोस्वामी प्रियांश महाराज का आशीर्वाद लिया।



## किर्गिस्तान में पाकिस्तानी छात्रों को पीटकर मार डाला

# तीन पाक छात्रों की मौत... भारत ने जारी की एडवाइजरी

- मेडिकल की पढ़ाई के लिए किर्गिस्तान पसंदीदा जगह
- भारतीय छात्र 15 हजार और पाकिस्तानी 12 हजार



**एजेंसी** | बिश्केक

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विदेशी छात्रों पर हमले की खबर सामने आई है। पाकिस्तानी और भारतीय छात्रों को खास तौर से निशाना बनाया गया है।

स्थानीय लोगों ने विदेशी छात्रों के हॉस्टल पर हमला किया। उनके कमरे तोड़े गए। इसके अलावा रिपोर्ट आई है कि लड़कियों के साथ छेड़छाड़ और मारपीट भी की गई। पाकिस्तान के एक छात्र ने वीडियो में कथित तौर पर कहा कि तीन छात्रों की मौत भी हो गई है। उसने बताया कि बंदूक और डंडों के जरिए हमला किया गया।

इस मॉब लिंचिंग के बाद मचे भारी बवाल के बीच भारत सरकार ने वहां रहने वाले सभी भारतीय छात्रों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच कथित झड़प के मद्देनजर भारत ने शनिवार को वहां रह रहे भारतीय छात्रों को अपने घरों के अंदर ही रहने की सलाह दी है। इस बीच, सांत्वना भरी खबर मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह भारतीय छात्रों के संपर्क में है और स्थिति अब शांत है।

मिशन ने शहर में रह रहे भारतीय छात्रों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बिश्केक में भारतीय छात्रों के कुशल-क्षेम पर नजर रखी जा रही है। अब स्थिति शांत बताई जा रही है। मैं छात्रों को दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह देता हूं।'

### यह कहा भारतीय दूतावास ने

भारतीय दूतावास ने कहा, 'हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है, लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे घरों के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें।'



'द टाइम्स ऑफ सेंट्रल एशिया' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, किर्गिस्तान की राजधानी के एक हिस्से में स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प को लेकर गुस्साई भीड़ के एकत्र होने के कारण रात भर पुलिस को तैनात रखा गया था। इसमें कहा कि यह घटना किर्गिस्तान में दक्षिण एशिया के कई प्रवासियों की मौजूदगी पर तनाव को दर्शाती है।

### लड़कियों के साथ छेड़छाड़ बनी वजह

पाकिस्तान के जियो न्यूज के मुताबिक पूरा विवाद मिस्र की लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से शुरू हुआ। 13 मई को मिस्र की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ हुई थी। जियो न्यूज से बातचीत करते हुए, बिश्केक में एक पाकिस्तानी मेडिकल छात्र मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा, 'विवाद किर्गिस्तान के लोगों की ओर से मिस्र की छात्राओं के उत्पीड़न से शुरू हुआ था। जिसके बाद मिस्र के छात्र स्थानीय विद्यार्थियों से भिड़ गए। जो दंगे भड़कने का प्रमुख कारण है।' अब्दुल्ला ने बताया कि किर्गिज छात्रों ने बिश्केक में पाकिस्तानी छात्रों सहित विदेशी छात्रों पर हमला करना शुरू कर दिया।

## ताइवान: सांसदों ने एक-दूसरे की जमकर की पिटाई

# संसद में चले लात-घूंसे



### विवाद पहले से जारी

ताइवान में नई सरकार बनाने को लेकर विवाद पहले से ही चल रहा है। जनवरी महीने में चुनाव जीतने के बाद भी लाइ का अब बहुमत नहीं बचा है। वर्तमान में केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं लेकिन आंकड़ा बहुमत के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में केएमटी टीपीपी का भी समर्थन चाहती है जिससे कि वह सरकार बना सके।

- महिला सांसद भी हाथापाई में हुईं शामिल



**एजेंसी** | ताइपे सिटी

ताइवान की संसद में शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। नौबत लात-घूंसे तक की आ गई। सांसदों ने एक दूसरे से जमकर मारपीट की। कुछ सुधारों को लेकर संसद में बहस चल रही थी और इसी दौरान माहौल गर्म हो गया और हाथापाई शुरू हो गई। सांसद एक दूसरे पर टूट पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार के कार्यों पर निगरानी रखने के लिए सांसदों को ज्यादा ताकत देने के मामले में बहस हो रही थी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा गया कि कुछ सांसद फाइल छीनकर बाहर भाग रहे हैं। अन्य वीडियो में देखा गया कि कुछ सासंद टेबल पर कूद रहे हैं और दूसरे सांसदों को फर्श पर घसीट रहे हैं। कई सांसद स्पीकर की चेयर को घेरकर हंगामा कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि यह मारपीट जल्दी नहीं रुकी। दरअसल ताइवान के के नए राष्ट्रपति लाइ चिंग पद संभालने वाले हैं। जबकि सदन में उनका बहुमत नहीं है।

### बहस के दौरान शुरू हो गया झगड़ा

विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामला सांसदों को सरकार के कामों की निगरानी के लिए ज्यादा शक्ति देने से जुड़ा है। इसमें कथित तौर पर संसद में गलत बयान देने वाले अधिकारियों को अपराधी बनाने की बात कही गई है। प्रस्ताव को लेकर पहले को डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (DPP) और कुओमितांग (KMT) के सांसदों के बीच बहस छिड़ी और फिर देखते ही बात इतनी बढ़ गई कि संसद में हंगामा और झगड़ा शुरू हो गया। वीडियो में यह भी देखा गया कि कई सांसद एक दूसरे के ऊपर ही चढ़ गए और फिर नीचे गिर गए। संसद में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी और कुओमिंगतांग पार्टी के बाच झगड़ा हा था। कानून में यह भी प्रस्ताव है कि अगर कोई भी शख्स संसद में गलत जानकारी देता है तो उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा। इसी मुद्दे पर बहस होते-होते झगड़ा होने लगा।

## भारतीय कंपनी के कारण चमकी ब्रिटिश PM की किस्मत

# अमीरों की लिस्ट में लगाई 30 रैंक की जंप

**एजेंसी** | लंदन



दो साल पहले वार्षिक 'संडे टाइम्स रिच लिस्ट' में पहली बार जगह बनाने वाले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति इस सूची के 2024 के संस्करण में और ऊपरी पायदान पर पहुंच गए हैं। उनकी रैंकिंग में उछाल की वजह भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस की आकर्षक शेयरधारिता है। सुनक और अक्षता दोनों की उम्र 44 वर्ष है। यह दंपती पिछले साल 65.1 करोड़ ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल के 275वें पायदान पर था, जो अब चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास "10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग" बन गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि मूर्ति की कमाई उनके पति से कहीं अधिक है, क्योंकि फरवरी में प्रकाशित वित्तीय विवरणों के हवाले से कहा गया है कि सुनक ने 2022-23 में 22 लाख ब्रिटिश पाउंड की कमाई की, जबकि पिछले वर्ष मूर्ति ने लाभांश के रूप में अनुमानतः 1.3 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की कमाई की। अखबार के विश्लेषण में कहा गया, "दंपती की सबसे मूल्यवान संपत्ति इंफोसिस में मूर्ति की हिस्सेदारी है, जो बेंगलुरु स्थित आईटी कंपनी है, जिसकी सह-स्थापना मूर्ति के पिता (नारायण मूर्ति) ने की थी।"

## अब बिना वीजा के भी जा सकेंगे रूस

# होंगे सेंट पीटर्सबर्ग की सुंदरता के दीदार

**एजेंसी** | नई दिल्ली/मॉस्को

भारत और रूस की मित्रता पूरी दुनिया में मशहूर है। अब दोनों देश अपने लोगों को वीजा फ्री टूरिस्ट एंट्री देने की कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि 2024 में इसे मूर्त रूप दिया जा सकता है।

एक रूसी मंत्री के मुताबिक रूस और भारत के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए द्विपक्षीय समझौते पर अगले महीने यानी जून में बातचीत शुरू होगी।

एक रिपोर्ट में कहा गया रूसी मंत्री ने कहा है कि मॉस्को और नई दिल्ली वीजा फ्री टूरिस्ट ग्रुप को एक-दूसरे देश में भेजने और पर्यटन संबंधों को बढ़ावा देने की योजना पर गंभीरता से काम कर रहे हैं।




### साल 2024 के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना

आरटी न्यूज ने रूसी शेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रतयेव के हवाले से कहा है कि भारत में अंदरूनी मंत्रालयों के बीच कॉर्डिनेशन का काम अंतिम चरण में है। कजान में "रूस - इस्लामिक वर्ल्ड: कजानफोरम 2024" अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के मौके पर रूसी मंत्री ने घोषणा की कि जून में पहली बार मॉस्को और नई दिल्ली के बीच मसौदा समझौते पर चर्चा की जाएगी और 2024 के अंत तक इस पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

### चीन व ईरान से भी समझौता संभव

कोंद्रतयेव ने बताया कि रूस चीन और ईरान के साथ भी मौजूदा वीजा फ्री एंट्री और मुक्त यात्रा समझौतों की उपलब्धियों को जारी रखना चाहता है। बता दें कि 1 अगस्त 2016 को, रूस और चीन ने बिना वीजा के ग्रुप टूरिस्ट एंट्री कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जो अबतक जारी है। कोंद्रतयेव के मुताबिक, उसी दिन रूस और ईरान ने भी वीजा फ्री ग्रुप टूरिस्ट एंट्री कार्यक्रम की शुरुआत की थी। रूस अब इसे भारत के साथ आगे बढ़ाना चाहता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl